हरिभूमि
रायपुर भूमि

## शहर विस्तार के हिसाब से जल आपूर्ति के लिए डूंडा में जल शोधन संयंत्र

रायपुर शहर में भविष्य की जल मांग की पूर्ति और वर्ष 2035-2040 की अनुमानित 30 लाख जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए डूंडा में 130 करोड़ के जलशोधन संयंत्र का निर्माण का प्रस्ताव दिया गया है। रायपुर नगर निगम के मौजूदा फिल्टर प्लांट की क्षमता 310 एमएलडी है जो कि 18 लाख की आबादी के हिसाब से विकसित है। नए जल शोधन संयंत्र के प्रस्ताव में कमांड क्षेत्रों में ओएचटी,पंपिंग स्टेशन का सुझाव दिया गया है।

# रायपुर विकास के ब्लू प्रिंट पर विधायक ने अंडरग्राउंड ड्रेनेज, तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर को मेट्रो सिटी के रूप में विकसित करने और रायपुर विकास के ब्लू प्रिंट को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित शहर के विधायकों और महापौर मीनल चौबे सहित अधिकारियों की बैठक में विचार मंथन हुआ। इस मौके पर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने आने वाले समय में शहर के विस्तार को देखते हुए अंडर ग्राउंड ड्रेनेज का सुझाव दिया। श्री सोनी ने कहा कि यदि इस पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में इससे काफी दिक्कत होगी। शहर के तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण संबंधी प्रस्ताव को अमल में लाने की जरूरत बताई। इकसे साथ ही उन्होंने राजधानी के सिविल लाइन स्थित गॉस मेमोरियल मैदान और लाखे नगर हिंद स्पोर्टिंग ईदगाह भाठा मैदान में खेल स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव दिया है।

### महापौर मीनल ने दिया जल बोर्ड गठन का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव की मौजूदगी में राजधानी के विकास पर आयोजित बैठक में रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने महानगर की तर्ज पर विकसित हो रहे रायपुर शहर के लिए जल बोर्ड गठन का सुझाव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि शासन स्तर पर रायपुर नगर निगम को प्रतिनियुक्ति पर विशेष दक्षता प्राप्त विशेषज्ञ उपलब्ध कराया जाए। क्योंकि कई नए प्रोजेक्ट, रायपुर शहर के विकास के लिए लाए जा रहे हैं उनकी क्वालिटी बनी रहे और शहर के पुराने इलाके के पाइप लाइन का नेटवर्क बढ़ती आबादी के हिसाब से छोटा पड़ रहा है, इसलिए रायपुर जल बोर्ड का गठन किया जाए। मीनल चौबे ने प्रस्ताव दिया कि जल कार्य अरबन के लिए अधिक अनुभव वाले टाउन प्लानर और हाइड्रोलिक इंजीनियर रायपुर नगर निगम को उपलब्ध कराया जाए।

- निगम की प्रस्तावित परियोजना में डूंडा में शहर विस्तार की जरूरत को लेकर 100 एमएलडी के प्लांट
- महापौर मीनल चौबे ने जल बोर्ड गठन और बड़ी परियोजनाओं के लिए डेपुटेशन पर एक्सपर्ट प्रशिक्षक रखने दिए सुझाव



### 131 करोड़ की खारुन रिवर फ्रंट परियोजना

खारुन नदी को शहर के जीवंत और आकर्षक सार्वजनिक अग्रभाग के रूप में विकसित करने 131.25 करोड़ की खारुन रिवर फ्रंट परियोजना प्रस्तावित है। इसमें शहरी पर्यावरण पर फोकस किया जाएगा। 43.75 हेक्टेयर क्षेत्र कुल योजना के लिए प्रस्तावित है।

### 1700 करोड़ की अंडरग्राउंड सीवरेज प्रणाली

रायपुर विकास के ब्लू प्रिंट में शहर में 1700 करोड़ की भूमिगत सीवरेज प्रणाली विकसित करने की योजना है। इससे सीवरेज पाइपलाइन का नेटवर्क बंद हो जाएगा। निचले क्षेत्रों में पंपिग स्टेशनों की स्थापना की जाएगी। नागारिकों को साफ-सुथरी सड़कें और सीवरेज के दुर्गंध से मुक्ति मिलेगी। अपशिष्ट जल के सुरक्षित उपचार और उसके दोबारा उपयोग के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना का विचार है।

### 1 हजार करोड़ की गंज मंडी परियोजना

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित गंज मंडी क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ा प्रोजेक्ट लाने की तैयारी है। बहुमंजिला व्यवसायिक- सह आवासीय परिसर का निर्माण कराया जाएगा। जिसकी अनुमानित लागत 1 हजार करोड़ प्रस्तावित है। इस परियोजना के तहत पुनर्वास ब्लाक, व्यवसायिक टावर, लैंड स्केप वाले प्लाजा, पैदल चलने के लिए रास्ते , हरे-भरे इलाके और 2600 कारों के लिए बेसमेंट पार्किंग की व्यवस्था विकसित की जाएगी। इससे आने वाले दिनों में नगर निगम को एकमुश्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

## खबर संक्षेप

### एसएसपी ने डॉक्टरों के साथ की वर्चुअल बैठक

**रायपुर।** सड़क दुर्घटना में घायलों को त्वरित उपचार मिले, इस बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बुधवार को रायपुर जिले के शासकीय अस्पताल के चिकित्सकों के साथ वर्चुअल बैठक की। बैठक में एसएसपी ने सभी चिकित्सकों को सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का त्वरित उपचार करने अपील की। बैठक में उपस्थित सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने सड़क दुर्घटना में घायलों का प्राथमिकता के साथ उपचार करने का आश्वासन दिया।

### सूने मकान में एक लाख की चोरी

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ एक लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर, नकदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रावांभाठा, सुंदरनगर निवासी खेमू साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। खेमू ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़ कर अलमारी का लॉकर खोल नकदी सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर अपने साथ ले गया।

### सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में दो ट्रक की भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार दो ट्रकों की भिड़ंत में राजस्थान, जोधपुर निवासी राजवीर सिंह गुर्जर (48) की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार राजवीर सिंह पशु चारा लेकर जा रहा था। इस दौरान निसदा मोड़ के पास ट्रक सीजी 04 एनवाय 9936 के चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए राजवीर को ट्रक को ठोकर मार दी।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल

**रायपुर।** पंडरी थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक में दोस्तों के साथ बैठकर शराब पी रहा एक युवक मालगड़ी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। युवक के दोनों पैर बुरी तरह से चोटिल हुए हैं। घायल युवक की पहचान मनीष मारकंडेय के रूप में हुई है। युवक पंडरी स्थित नहर पारा का रहने वाला है।

## सोनडोंगरी का डॉग शेल्टर होम अब तक शुरू नहीं, संचालन एजेंसी का ठेका निगम ने कर रखा है निरस्त

# शहर में 46 हजार स्ट्रीट डॉग, रखने की जगह 100 के लिए धरपकड़ सिर्फ 10 की, कैसे होगा एनीमल बर्थ कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में 46 हजार आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी सर्जरी करना नगर निगम के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द साबित हो रहा है। राजधानी में मात्र 100 स्ट्रीट डॉग को रखने के लिए जगह बन गई है, बाकी कुत्तों को पकड़ भी लिया जाए, तो रखेंगे कहां? डॉग सर्जरी के लिए नगर निगम के पास न तो पर्याप्त अमला है और न ही सुविधायुक्त सेटअप तैयार हो पाया। कुल मिलाकर 2 वेटनरी डॉक्टर 1 डाग केचर और 4 सहायक के भरोसे एनीमल बर्थ कंट्रोल का दावा उछल रहा है। हालत ये है कि बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय के 3 कमरों में 2 वेटनरी डॉक्टर अपने सहायकों के साथ एक दिन में बमुश्किल 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की सर्जरी कर पा रहे हैं, जबकि अमले के भरोसे पूरे शहर के कुत्तों को पकड़कर सर्जरी करने का जिम्मा है। इधर सोनडोंगरी में नगर निगम ने डॉग शेल्टर होम बनाया है, जो कि 3 साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया। नगर निगम ने जिस एजेंसी को डॉग शेल्टर होम संचालन का जिम्मा दिया, उसका अनुबंध कुछ समय पहले ही नगर निगम ने निरस्त कर दिया है। अब निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर नए साल में स्ट्रीट डॉग शेल्टर होम को शुरू कराने वैकल्पिक व्यवस्था बनाने में निगम जुटा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नगर निगम, पशु चिकित्सा विभाग से समन्वय बनाकर यह कार्य करेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के मुताबिक नगर निगम की टीम डॉग शेल्टर होम की देखरेख करेगी और पशु चिकित्सा विभाग स्ट्रीट डॉग की सर्जरी का जिम्मा संभालेगा।

- नए साल में वैकल्पिक व्यवस्था के लिए प्रोसेस प्रक्रियाधीन

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर चिंता जताई है कि पिछले 5 साल में आवारा पशुओं से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। कुत्तों के काटने की घटना के लिए अब राज्यों को भारी मुआवजा का आदेश देंगे। कुत्तों के काटने की घटना और इसमें बढ़ोतरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। पहले ही अपने आदेश में सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र वाली जगहों से कुत्तों को उठाकर डॉग शेल्टर होम में बंद करें, पर छत्तीसगढ़ की राजधानी में ही इसका पालन शुरू नहीं हो पाया है।



**सोनडोंगरी में 77 कुत्तों के लिए स्पेस, पर 3 साल बाद भी शुरू नहीं**

*रायपुर नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्ड में स्ट्रीट डॉग रखने निगम के पास सोनडोंगरी में एकमात्र डॉग शेल्टर होम बन पाया है। वहां अभी तक वेटनरी डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हो पाई है। आवश्यक संसाधन की भी यहां कमी है। हालत ये है कि 3 साल बाद भी यह सेंटर शुरू नहीं हो सका। डॉग शेल्टर होम में 77 कैनाल बनाए गए हैं, जहां 77 कुत्तों को रखा जा सकता है, जबकि शहरभर में स्ट्रीट डॉग की संख्या 46 हजार है।*

### शहर में डाग बाइट के औसतन 3 दर्जन केस

*रायपुर शहर के आंबेडकर अस्पताल सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में डॉग बाइट के रोजाना औसतन 3 दर्जन केस आ रहे हैं। राज्य में पिछले 1 साल में 13 हजार लोगों को कुत्ते ने काटा है। इसमें से रेबीज के कारण तीन की मौत हुई थी। चिकित्सको की मानें, तो रेबीज का संक्रमण शर्तिया मौत का का कारण होता है। इसीलिए समय रहते वैक्सीन लगवा ली जाए, तो यह जानलेवा साबित नहीं होता।*

### पर्याप्त वैक्सीन

डाग बाइट से बचाव के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी रेबीज वैक्सीन की व्यवस्था की गई है। डाग बाइट का शिकार होने पर घरेलू उपचार से बचना चाहिए। सीधे स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर एंटी रेबीज वैक्सीन की डोज लगवाना चाहिए।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ, रायपुर

### 1 दिन में पकड़ रहे औसतन 10 कुत्ते, माह में 400 की सर्जरी का टारगेट

*नगर निगम का शहरभर में स्ट्रीट डॉग की सर्जरी के लिए वर्तमान में केवल एक ही सेंटर है जो कि बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय में संचालित है। यहां दो सरकारी वेटनरी डॉक्टर प्रतिदिन शहरभर से शिकायत के आधार पर पकड़ कर लाए गए 10 कुत्तों की सर्जरी कर रहे हैं। निगम के पास केवल एक डॉगकेचर गाड़ी है, जिसमें चार सहायक और एक वाहन चालक की टीम कुत्तों की धरपकड़ कर सेंटर में लाने का काम करती है। सर्जरी के बाद इन कुत्तों की मानिटरिंग के बाद उसे उसी जगह पर छोड़ा जाता है।*

### निगम का कुत्ता पकड़ो अभियान ठप, जोन कमिश्नर और जेडएचओ को दी थी जिम्मेदारी

*निगम आयुक्त विश्वदीप ने दस जोन कमिश्नर को उनके जोन क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग की शिकायत पर एक्शन लेने और धरपकड़ के लिए विशेष अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया। जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को इसके लिए सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया। निगम के दस जोन में एक साथ यह अभियान चलाया जाना था। इस अभियान के लिए निगम की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए संबंधित जोन अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी हुए, पर कॉल आने के बाद न तो कॉलर के कॉल रिसीव हुए, न ही उनकी शिकायत पर अमल हुआ। निगम आयुक्त के आदेश पर चलाया जाने वाला अभियान कुल मिलाकर हवा-हवाई बनकर रह गया।*

## उत्तरी इलाके में चल सकती है शीतलहर मध्य में दो दिन बाद दिखेगा इसका असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तापमान में आई गिरावट के बाद अगले दो दिन तक सरगुजा संभाग के कुछ हिस्सों में शीतलहर जैसे हालात रहने की संभावना है। मध्य हिस्से में अभी मौसम अपनी सामान्य स्थिति में है और इसमें दो दिन बाद बदलाव होने के आसार बन रहे हैं। मकर संक्रांति के बाद से सूर्य के उत्तर दिशा की ओर झुकने से दिन की अवधि में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

प्रदेश का मौसम अभी जनवरी के दूसरे पखवाड़े में सामान्य स्थिति में है। राज्य में आने वाली नमीयुक्त हवा की वजह से मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में उत्तरी हिस्से के न्यूनतम तापमान में गिरावट आने के बाद वहां चौबीस घंटे में शीतलहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है।



मध्य इलाके में तापमान में अभी बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। अगले दो दिन बाद यहां के मौसम में बदलाव के असर दिख सकते हैं। पिछले चौबीस घंटे में शहर का मौसम सामान्य रहा और रात का पारा 13.4 और दिन का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## शराब घोटाला मामले में सौम्या चौरसिया को ईओडब्लू ने किया अरेस्ट

**रायपुर।** शराब घोटाला के आरोप में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया को ईओब्लू ने बुधवार को गिरफ्तार किया। ईओडब्लू ने सौम्या का कोर्ट से प्रोटेक्शन वारंट में अपनी कस्टडी में लिया है। जांच एजेंसी ने सौम्या को ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 16 जनवरी तक पुलिस रिमांड हासिल की है।

शराब घोटाला के आरोप में सौम्या चौरसिया ईडी के प्रकरण में जेल में बंद है। सौम्या ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी भी दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी। हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के दूसरे दिन सौम्या को ईओडब्लू ने गिरफ्तार कर पूछताछ करने पुलिस रिमांड हासिल की है। अपनी गिरफ्तारी को लेकर सौम्या चौरसिया ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की है।

## जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों पर बकाया 50 लाख की राशि

# डीपीआई ने मांगी जानकारी, पूछा-किस स्कूल का कितना बकाया? अपडेट सूची भेजें

*कई विद्यालयों की 4 वर्षों से बिजली बिल का भुगतान नहीं, हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा कार्यालय को खत लिखकर स्कूलों की शेष बिजली बिल की राशि की जानकारी मांगी है। गौरतलब है कि जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का बिजली बिल लंबे समय से बकाया है। आरडी तिवारी सहित कई स्कूलों में यह राशि बीते पांच वर्षों से भी नहीं पटी है। रायपुर जिले में 36 विद्यालय स्वामी आत्मानंद योजना के अंतर्गत संचालित हैं। सभी विद्यालयों मिलाकर 50 लाख रुपए से अधिक का बिजली बिल अब तक नहीं भरा जा सका है। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद एक्शन लेते हुए डीपीआई द्वारा यह कार्रवाई की गई। बिजली विभाग द्वारा भी स्कूलों को बिल भरने कई बार रिमाइंडर भेजा जा चुका है। सूत्रों के अनुसार, बिजली बिल के भुगतान के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जा रहा है। जनवरी अंत तक राशि मिलने और भुगतान होने की संभावना जताई है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे विद्यालयों ने राहत की सांस ली है।


आत्मानंद स्कूलों की ऐसी हालत...दो दर्जन पर 50 लाख का बिजली बिल बकाया, कई पेंच

### अन्य जिलों से भी मांगी सूची

*अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, रायपुर के साथ-साथ अन्य जिलों से भी सूची मांगी गई है। अन्य जिलों में भी आत्मानंद विद्यालयों का बिजली बिल बकाया है। राजधानी रायपुर के साथ ही अन्य जिलों के बिजली बिल की राशि का भी भुगतान किया जाएगा। रायपुर जिले द्वारा कई माह पूर्व ही स्कूलों की सूची भेजकर बिजली बिल की राशि मांगी गई थी। खबर प्रकाशन के बाद डीपीआई द्वारा पुनः खत भेजकर बकाया राशि की जानकारी मांगी गई। राजधानी रायपुर के साथ अन्य जिलों को भी इस संदर्भ में खत प्रेषित किया गया है। जिला शिक्षा कार्यालयों द्वारा विस्तृत सूची तैयार हो रही है।*

### स्टेशनरी की भी किल्लत

*स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को प्रदान की जाने वाली राशि में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से कटौती की जा रही है। विद्यालयों को जो राशि प्रदान की जा रही है, उनमें से अधिकतर स्टेशनरी सहित परीक्षा व अन्य आवश्यक कार्य में खर्च हो रही है। कई स्कूलों को इतनी कम राशि आवंटित की गई है कि उनके पास स्टेशनरी लेने के भी पैसे नहीं है। कई विद्यालयों का उधारी खाता चल रहा है। यही वजह है कि स्कूलों द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा सका।*



# गणवेश की आपूर्ति में करोड़ों की अनियमितता, कमेटी बनी पर जांच नहीं, 17 लाख के गायब धागों का भी सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित में करोड़ों रुपए की अनियमितता एवं गोदाम से लाखों रुपए के धागे गायब होने जैसी गंभीर घटनाएं घटने के बाद भी विभाग इसे लेकर चिंतित नहीं है। गणवेश की आपूर्ति में करोड़ों रुपए की अनियमितता का मामला सामने आया है, जिसकी जांच के लिए विभाग ने दिसंबर में एक कमेटी भी गठित की थी।

इस कमेटी को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करना था, लेकिन समय-सीमा खत्म होने के कई दिनों बाद भी कमेटी ने अभी तक इस मामले की जांच तक शुरू नहीं की है। इधर दूसरी ओर हथकरघा संघ के भनपुरी गोदाम से गायब हुए 17 लाख रुपए मूल्य के धागों का अब तक सुराग नहीं मिल पाया है। विभाग ने इस मामले में भी जांच के लिए कमेटी बनाई है, लेकिन इस कमेटी ने भी अब तक जांच शुरू नहीं की है।

## स्टॉक से 3 लाख गणवेश की अतिरिक्त आपूर्ति

सूत्रों के अनुसार शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 में हथकरघा संघ द्वारा स्कूलों के बच्चों को कुल 57 लाख गणवेश सेट की आपूर्ति की जानी थी, लेकिन संघ के स्टॉक में कुल 28 लाख गणवेश सेट ही उपलब्ध था। इसके बाद भी संघ ने 31 लाख गणवेश की आपूर्ति करा दी। इस तरह स्टॉक में उपलब्ध गणवेश से 3 लाख ज्यादा सेट की आपूर्ति कराई गई, जिसकी कुल कीमत लगभग 9 करोड़ रुपए है। स्टॉक में उपलब्ध नहीं होने के बाद भी तीन लाख गणवेश सेट की आपूर्ति किए जाने का खुलासा ऑडिट के दौरान हुआ था। सूत्रों के अनुसार विभाग की लेखाधिकारी ने अतिरिक्त गणवेश की आपूर्ति में हुई अनियमितता को लेकर उच्च अधिकारी को जानकारी दी। इसके बाद इस मामले की जांच के लिए दिसंबर में एक कमेटी बनाई गई। अब्दुल अयाज खान की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी को 15 दिनों के भीतर जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन कमेटी ने अभी तक जांच शुरू नहीं की है।

- छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास विपणन सहकारी संघ मर्यादित में करोड़ों रुपए का गोलमाल किए जाने की आशंका
- जांच के लिए कमेटी बनी, जो कर नहीं रही जांच




## गोदाम से चोरी हुए 28 लाख कीमत के धागों की जांच के लिए कमेटी बनी

हथकरघा संघ के केन्द्रीय भंडारण निगम तीन के गोदाम से 9 हजार 6 सौ किलो धागा के 160 बंडल चोरी हो गए थे। इसकी कीमत करीब 28 लाख रुपये है। यह चोरी 22 जून 2024 को हुई थी, जिसकी रिपोर्ट खमतराई थाना में घटना के 5 महीनों के बाद 19 अक्टूबर 2024 में तात्कालिक गोदाम प्रभारी राजाराम देवांगन के शिकायत पर दर्ज कराई गई। एफआईआर के बाद पुलिस ने इस मामले में गोदाम में कार्यरत एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर 63 बंडल जब्त किए थे, जिसे उसने बेचे थे। शेष 97 बंडल अभी भी गायब है। पुलिस का कहना है कि जितने बंडल बरामद हुए हैं, चोर ने उतने बंडल ही चोरी करना कबूल किया है। शेष बंडल के बारे में पुलिस को भी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इधर विभाग ने एफआईआर होने के पहले न ही इस मामले में कोई विभागीय जांच कराई और न ही एफआईआर होने के बाद शुरू हो पाई है, जबकि इसकी जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। इस कमेटी के बनने के बाद भी अब तक जांच शुरू नहीं हो पाई है।

## जांच करने में कमेटी अफसरों की रुचि नहीं

गणवेश आपूर्ति में करोड़ों रुपए की अनियमितता और गोदाम से चोरी एवं गायब हुए धागा की जांच के लिए विभाग के अफसरों ने कमेटियां जरूर बना दी है, लेकिन इन दोनों मामलों की जांच करने के लिए न ही कमेटियां रूचि ले रही हैं, और न ही अफसर इसे लेकर गंभीर है। यही कारण है कि कमेटियों ने अब तक जांच शुरू नहीं किया है।

### जांच शुरू करेंगे

दिसंबर में कमेटी बनाई गई है। जांच अभी शुरू नहीं की है। जल्द ही जांच शुरू करेंगे।

**- अब्दुल अयाज खान**, अध्यक्ष जांच कमेटी हथकरघा संघ

---

## खबर संक्षेप

### वित्तीय साक्षरता पर बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर।** प्रोजेक्ट पाई-पाई के अंतर्गत ब्लॉक आरंग के ग्राम पंचायत फरफौद एवं परसदा में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के लिए वित्तीय साक्षरता विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, बचत के महत्व, डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन भुगतान प्रणाली तथा सुरक्षित वित्तीय व्यवहारों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर की उपस्थिति में वित्तीय साक्षरता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### तेलघानी उद्यमियों एवं तिलहन उत्पादक कृषकों के पंजीयन की शुरुआत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तेलघानी के परंपरागत व्यवसाय से जुड़े लघु उद्यमियों एवं तिलहन उत्पादक कृषकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार एवं उन्नयन के उद्देश्य से वर्ष 2021 में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड की स्थापना की गई है। बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू (राज्यमंत्री दर्जा) की विशेष पहल पर ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत तेलघानी व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों, तिलहन उत्पादक कृषकों, स्वसहायता समूहों एवं सहकारी संस्थाओं के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। पंजीयन के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी के साथ आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण एवं जाति प्रमाण पत्र के साथ रायपुर स्थित बोर्ड कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक, सामान्य डाक या स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

### डॉ. क्षितिज एम्स में बनेंगे सर्जन

**रायपुर।** छत्तीसगढ प्रगतिशील यादव महासंघ ने बताया कि डॉ. क्षितिज नीरज एम्स रायपुर से जनरल सर्जरी में एमएस करेंगे।



गौरतलब है कि उन्होंने एम्स रायपुर से एमबीबीएस किया है और एम्स दिल्ली द्वारा नवंबर 2025 में आयोजित पीजी प्रवेश परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 509 वां रैंक लाकर फिर से एम्स रायपुर को अपना कार्यक्षेत्र चुना है। महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि डॉ. क्षितिज नीरज की लगभग पूरी पढाई छत्तीसगढ में हुई है।

---

## एफएक्यू गुणवत्ता परखे बिना समितियों में की जा रही थी धान खरीदी

# ओवरलोड धान परिवहन मामले में 6 राइस मिल संचालकों को नोटिस, सात समिति प्रबंधकों को भी शो कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

रायपुर जिले में कई उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव करने में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसके तहत कई राइस मिल के संचालक परिवहन गाड़ी में क्षमता से दो सौ प्रतिशत से अधिक धान लोड कराकर परिवहन करा रहे हैं। खाद्य विभाग ने बुधवार को कई उपार्जन केंद्रों में धान उठाव एवं परिवहन की जांच की। इस दौरान 6 राइस मिलों के वाहन में 200 प्रतिशत से अधिक धान लोड मिला। विभाग ने इन सभी मिलों के संचालकों को शो काज नोटिस जारी किया है। इसी प्रकार विभाग ने 7 उपार्जन केंद्रों के प्रबंधकों को भी नोटिस जारी किया है। इन उपार्जन केंद्रों में धान का एफएक्यू गुणवत्ता परखे बिना खरीदी की जा रही थी। छत्तीसगढ़ खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 139 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। धान खरीदी के साथ उपार्जन केंद्रों से पंजीकृत राइस मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी किया जा रहा है, लेकिन किसी-किसी उपार्जन केंद्र में राइस मिलर्स के लोगों द्वारा धान परिवहन में प्रयुक्त वाहन में 200 प्रतिशत से अधिक धान का ओवरलोड किया जा रहा है। इस संबंध में सतर्क एप से एलर्ट जारी हुआ, जिसकी जांच की जा रही है।


फाइल फोटो

### इन उपार्जन केंद्रों के प्रबंधकों को नोटिस

0विभाग ने सीसीटीवी एलर्ट में जांच के दौरान पाया कि धान उपार्जन केंद्र सेजा, सिवनी, फरहदा, लखौली, टाटीबंध, कुंरा, गनौद, बरतोरी, खौली, देवरी, तामासिवनी को किसानों के प्लास्टिक बोरे से समिति के जूट बोरे में सीधा पलटी किया जा रहा था, जबकि नियमानुसार समिति को किसानों के धान को ढेरी बनाकर एफएक्यू गुणवत्ता परखने के बाद मानक पाए जाने पर धान को जूट बोरी में भरकर वजन कर खरीदी करना है। इस संबंध में प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### इन मिलरों को नोटिस जारी

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोड वाहन का प्रयोग करना छत्तीसगढ़ धान उपार्जन नीति का उल्लंघन है। इसके तहत मेसर्स जय शंकर इण्डस्ट्रीज, किशन एग्रो इण्डस्ट्रीज, मां गायत्री इण्डस्ट्रीज, ग्रीन एग्री कार्पो प्रा. लि., छापरियां एग्रो इण्डस्ट्रीज तथा गुरूनानक राईस मिल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उपार्जन केंद्र टंडवा, नरदाह, पटेवा, भैंसा, कोसरंगी, सिवनी तथा बिलाडी के समिति प्रबंधक एवं अध्यक्षों को भी संबंधित मिलर्स के वाहन को ओवर लोड किए जाने की अनुमति दिये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### आनलाइन मानिटरिंग की जा रही

जिले में सतर्क एप के माध्यम से धान खरीदी एवं उठाव की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। जीपीएस तकनीक के माध्यम से परिवहन वाहन की ट्रेकिंग की जा रही है, वहीं संवेदनशील उपार्जन केंद्रों में लगाए गए कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। इसके तहत ही मिलर्स संचालकों एवं समितियों के प्रबंधकों को नोटिस जारी किया है।

**- कीर्तिमान सिंह राठौर**, अपर कलेक्टर रायपुर

---

# धान में शार्टेज के आरोप से चूहे बरी, सरकार ने कहा- सूखत और कीटों से नुकसान स्वाभाविक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीन जिलों में धान के शार्टेज के मामले में सियासी तौर पर दोषी ठहराए जा रहे चूहों को अब इस आरोप से बरी कर दिया गया है कि वे करोड़ो रुपयों का धान खा गए। इस मामले में आधिकारिक सूत्रों ने साफ किया है कि धान खरीदी एवं भंडारण व्यवस्था में सूखत एवं चूहा आदि कीटों के द्वारा धान के नुकसान को लेकर कुछ स्थानों पर जो भ्रम फैलाया जा रहा है, वह तथ्यों से परे है। वस्तुस्थिति यह है कि धान भंडारण के दौरान नमी में कमी के कारण वजन में आंशिक गिरावट (सूखत) एक स्वाभाविक और तकनीकी प्रक्रिया है, जो वर्षों से चली आ रही है और देश के सभी धान उत्पादक राज्यों में देखी जाती है।

**ये है मामला**

हाल ही में बालोद, कवर्धा और महासमुंद जिलों से ये जानकारी सामने आई कि वहां करोड़ो रुपयों के धान में शार्टेज है, इसके साथ ही ये बात भी कही गई कि जो धान कम हुआ है उसे चूहे खा गए हैं। ये बात सामने आते ही इस पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप शुरु हो गए थे। विपक्षी दलों के साथ सत्ता पक्ष के नेताओं ने चूहों द्वारा धान खा लिए जाने के मामले में सरकार को निशाने पर लिया जा रहा था। इसे लेकर आरोप- प्रत्यारोप की राजनीति गरमाई हुई थी।

### चूहों ने नहीं खाया धान

इस पूरे मामले को लेकर आधिकारिक सूत्रों ने कहा है कि ये कहना गलत है कि इतनी बड़ी मात्रा में धान का जो शार्टेज हुआ है वह चूहों के धान खाने की वजह से हुआ है। धान की मात्रा में कमी की वजह सूखत को बताया जा रहा है। बताया गया है कि सरकारी अभिलेखों के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में 6.32 प्रतिशत और 2020-21 में 4.17 प्रतिशत सूखत दर्ज की गई थी। ये आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि सूखत कोई नई या अचानक उत्पन्न हुई स्थिति नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली भौतिक-तकनीकी प्रक्रिया है।

### इसलिए घटता है धान का वजन

धान संग्रहण केंद्रों में नमी, तापमान, भंडारण अवधि, परिवहन और वातावरण के प्रभाव से धान में प्राकृतिक रूप से कुछ प्रतिशत वजन घटता है। इसे वैज्ञानिक रूप से "मॉइस्चर लॉस" या "ड्रायिंग लॉस" कहा जाता है। इस प्रक्रिया को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, लेकिन इसे नियंत्रित, मापा और पारदर्शी बनाया जा सकता है।खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में लगभग 3.49 प्रतिशत सूखत की संभावना व्यक्त की गई है, जो पूर्व वर्षों के औसत के अनुरूप है और असामान्य नहीं है।

---

# डॉ. महंत ने कहा- भाजपा राज में अन्नदाता आत्महत्या को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- मोदी की गारंटी- डबल स्टैंडर्ड सरकार हुई फेल



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में धान खरीदी की बदहाली और किसानों द्वारा आत्महत्या के प्रयास की बढ़ती घटनाओं पर साय सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कह, विधानसभा चुनाव में 'मोदी की गारंटी' का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार आज किसानों को उनकी उपज का दाम और सम्मान देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि छत्तीसगढ़ जैसा कृषि प्रधान राज्य, जिसे 'धान का कटोरा' कहा जाता है, वहां किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। कोरबा और बागबाहरा में किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर होना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में सुशासन दम तोड़ चुका है। टोकन और बायोमेट्रिक सर्वर फेल हो चुके हैं, जिसके कारण अन्नदाता हताशा में घातक कदम उठाने पर विवश है। खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी नजदीक आने से किसानों में डर का माहौल है।

### मांग नहीं मानने पर उग्र आंदोलन

उन्होंने मांग की है कि आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए। धान खरीदी की समय सीमा को एक माह बढ़ाया जाए। तकनीकी कारणों से जिन किसानों का धान नहीं बिक पाया है, उन्हें ऑफलाइन टोकन जारी कर खरीदा जाए। यदि सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान तुरंत नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेगी।

---

# दो साल में 11.40 लाख श्रमिकों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

श्रम विभाग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के संबंध में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन बताया कि अधीन मंडलों द्वारा विगत 2 वर्षो में 11.40 लाख श्रमिकों का पंजीयन किया गया, जिसमें लगभग 9.4 लाख निर्माण श्रमिक, 1.39 लाख असंगठित श्रमिक एवं 98 हजार संगठित श्रमिक शामिल हैं। विभाग के अधीन मंडलों द्वारा संचालित कुल 71 योजनाओं में 29.55 लाख श्रमिकों को 804.77 करोड़ राशि से लाभान्वित किया गया है। मंत्री ने बताया कि इज ऑफ डूईंग व्यवस्था के तहत कारखनों का निरीक्षण स्वचलित प्रणाली द्वारा किया जा रहा है। विगत 2 वर्षो में प्रदेश के कारखानों का कारखाना अधिनियम अंतर्गत कुल 2218 निरीक्षण किये गये हैं। प्रावधानों के उल्लंघन पाये जाने पर कारखाना प्रबंधनों के विरूद्ध 666 अभियोजन श्रम न्यायालय में दायर किये गये हैं तथा कुल 5 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम अंतर्गत विगत 2 वर्षो में बीमित कामगारों की संख्या 4.60 लाख से बढ़कर 6.26 लाख हो गई है।



### 4 नए औषधालय खोले जाएंगे

रायपुर, कोरबा, रायगढ़ तथा भिलाई में 100 बिस्तर-युक्त चिकित्सालय संचालित है तथा शीघ्र ही बिलासपुर में चिकित्सालय प्रारंभ करने हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार राज्य में 43 औषधालय संचालित है और 4 नवीन औषधालय खोले जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अंतर्गत रायगढ़, कुम्हारी तथा बीरगांव औषधालय का उन्नयन कर इन्हे मॉडल औषधालय के रूप में विकसित किया जायेगा।

### कर्मचारियों की नई श्रेणी का प्रावधान

उन्होंने कहा, विभाग द्वारा भारत सरकार के अनुशंसा एवं बिजनेस रिफार्मस के तहत निर्धारित सभी 17 रिफार्मस को राज्य के श्रमिकों तथा नियोजकों के हित में लागू किया जा चुका है। छोटे व्यापारियों को छूट प्रदाय करने 10 या 10 से अधिक श्रमिक नियोजन वाले संस्थानों पर लागू किया गया है। उन्होंने कहा, कर्मचारियों की नयी श्रेणी 'नियत कालिक नियोजन कर्मकार' का प्रावधान किया गया है, जिन्हें नियमित कर्मचारियों के समान वेतन भत्ते एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त होगी। महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत रात्रिपाली में महिला कर्मकारों को सशर्त नियोजन का अधिकार दिया गया है।

---

# धान खरीदी में नया रिकॉर्ड : 105 लाख मीट्रिक टन की खरीदी, किसानों के खाते में पंहुचे साढ़े 23 हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहे धान खरीदी महाअभियान ने इस वर्ष ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। 13 जनवरी 2026 तक खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक 17,77,419 किसानों से 105.14 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसके एवज में किसानों को 23 हजार448 करोड़ की रिकॉर्ड राशि का भुगतान किया गया है। यह अब तक के सभी वर्षों की तुलना में 13 जनवरी तक की सबसे अधिक खरीदी और सबसे अधिक भुगतान है। पिछले वर्षों के 13 जनवरी तक के आंकड़ों से तुलना की जाए तो सरकार की यह उपलब्धि और भी स्पष्ट रूप से सामने आती है। खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में 13 जनवरी तक 17,49,003 किसानों से 72.15 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी और 13,550 करोड़ का भुगतान हुआ था। वर्ष 2021-22 में इसी अवधि तक 17,09,834 किसानों से 68.77 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था, जिसके बदले 13 हजार,410 करोड़ किसानों को दिए गए थे।



### ये रही उपलब्धि

खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में 13 जनवरी तक 22,14,302 किसानों से 97.67लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी और 20,022 करोड़ का भुगतान हुआ था। इन सभी वर्षों की तुलना में वर्ष 2025-26 में धान खरीदी की मात्रा और किसानों को वितरित की गई राशि – दोनों ही उच्चतम स्तर पर पहुँच चुकी हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि जहां 2020-21 में 72.15 लाख मीट्रिक टन , 2021-22 में 68.77 लाख मीट्रिक टन और 2022-23 में 97.67 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था, वहीं 2025-26 में मात्र 13 जनवरी तक ही 105.14 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है, जो अपने-आप में एक नया रिकॉर्ड है। इसी तरह किसानों को मिलने वाली राशि भी सीधे बढ़कर 23 हजार448 करोड़ तक पहुँच गई है।

### एक-एक दाना धान खरीदेगी सरकार

राज्य सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि हर पात्र किसान से हर दाना खरीदा जाएगा और हर रुपये का भुगतान समय पर किया जाएगा, ताकि छत्तीसगढ़ का किसान और अधिक समृद्ध, आत्मनिर्भर और सुरक्षित बन सके। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय पूल के अंतर्गत 78 लाख मीट्रिक टन चावल का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध लगभग 116 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण संभव हो पाया। शेष धान का निराकरण नीलामी के माध्यम से किया गया।केन्द्रीय लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त चावल की मिलिंग में एफसीआई के पास गोदाम क्षमता कम होने के कारण धान के अंतिम निराकरण में लगभग 12 से 15 माह का समय लग गया, जिससे संग्रहण केन्द्रों में ड्रायज (सूखत) होना संभावित रहा। वर्तमान में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत संग्रहण केन्द्रों में रखे धान का उठाव प्रगतिरत है तथा ऑक्शन एवं नीलामी से विक्रय किए गए धान का उठाव प्रक्रियाधीन है। संपूर्ण धान निराकरण के पश्चात ही कुल सूखत का वास्तविक आकलन किया जा सकेगा।

---

## शहर के सरदार वल्लभभाई पटेल ब्लॉक, ग्रामीण में अभनपुर, बीरगांव और आरंग नगर में रिपीट

# ब्लॉक अध्यक्षों में कुछ नए और पुराने चेहरों को मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ब्लॉक अध्यक्षों की सूची में कई नए और पुराने चेहरों को मौका दिया गया है। राजधानी रायपुर के शहर ब्लॉक अध्यक्षों की सूची में एक जगह को छोड़कर सभी जगह पर नए चेहरे को मौका दिया गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों में तीन जगहों पर पुराने अध्यक्ष को फिर से कमान दी गई है।

बताया गया है कि यहां पर पूर्व विधायकों, जिला अध्यक्षों और शहर के नेताओं की पसंद को स्थान देने का प्रयास किया गया। जारी सूची में शहर के 12 ब्लॉक में से सरदार वल्लभभाई पटेल ब्लॉक अध्यक्ष देव साहू को फिर से मौका दिया गया है। शेष 11 ब्लॉक में नए लोगों को मौका दिया गया है। वहीं रायपुर ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्षों में 3 को दोबारा अध्यक्ष बनाया गया है, इनमें अभनुपर, बीरगांव और आरंग नगर में पुराने लोगों को ही कमान दी गई है। 4 जगहों पर नए लोगो को मौका दिया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्ति के बाद अब बूथ समितियों की सूची भी जल्द आने की संभावना है।

### अर्जुमन को ले. अरविंद दीक्षित ब्लॉक की कमान



रायपुर दक्षिण विधानसभा अंतर्गत ले. अरविंद दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अर्जुमन ढेबर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे नगर निगम में पार्षद हैं। कांग्रेसियों ने इसका स्वागत करते हुए जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व को प्रोत्साहित करती रही है।यह नियुक्ति उसी सोच का विस्तार है, जिससे संगठन अधिक समावेशी और मजबूत बनेगा।

### नेताओं की पसंद को तवज्जो

बताया जाता है कि शहर के 12 ब्लॉक में पश्चिम और दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में शहर के नेताओं की पसंद के आधार पर नाम पीसीसी को भेजे गए थे। इसी प्रकार ग्रामीण और उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लिए कई नाम पूर्व विधायकों और अन्य पीसीसी पदाधिकारियों की पसंद को ध्यान में रखकर दिया गया था। शहर की ब्लॉक में नियुक्ति से पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, कांग्रेस महामंत्री सुबोध हरितवाल, पंकज शर्मा, सहित अन्य नेताओं की पसंद को भी शामिल किया गया है।

### संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेंगी : ढेबर

*रायपुर के पूर्व महापौर एवं प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एजाज ढेबर ने सभी नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा, यह नियुक्तियां संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेंगी और कांग्रेस की विचारधारा को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा, अर्जुमन ढेबर को दी गई जिम्मेदारी पार्टी के उस भरोसे का प्रतीक है, जो जमीनी संघर्ष, समर्पण और निरंतर संगठनात्मक कार्य के आधार पर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने में विश्वास रखती है।*

---

**समक्ष न्यायालय श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.**

**:: शपथपत्र ::**

मैं टिकेन्द्र कुमार बंछोर, उम्र 51 वर्ष, पिता- श्री देवदत्त बंछोर, निवासी- रोहिणीपुरम तालाब गोल चौक, रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।
2. यह कि, मेरे पुत्र शौर्य बंछोर के कक्षा दसवीं के अंकसूची में पिता के नाम के स्थान पर मेरा नाम त्रुटिवश टिकेन्द्र बंछोर (TIKENDRA BANCHHOR) हो गया है। जो सही नहीं है।
3. यह कि, सी.बी.एस.ई के कक्षा दसवीं एलओसी रजिस्ट्रेशन के वक्त हमसे भूलवश छुट गया था जो कि सुधार करवाना चाहते है।
4. यह कि, मेरे पुत्र के कक्षा दसवीं के अंकसूची में पिता के नाम के स्थान पर टिकेन्द्र कुमार बंछोर (TIKENDRA KUMAR BANCHHOR) अंकित कराने के लिए शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

5यह कि टिकेन्द्र बंछोर (TIKENDRA BANCHHOR) एवं टिकेन्द्र कुमार बंछोर (TIKENDRA KUMAR BANCHHOR) दोनो नाम एक ही व्यक्ति के नाम है अर्थात मेरा ही नाम है।

अतःउक्त के सत्यता के समर्थन में श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्तानुसार सत्यापित करता हू कि उक्त शपथपत्र में वर्णित तथ्य 01 से 05 तक की कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य व सही है तथा जिसे आज दिनाक 13.01.2026 को रायपुर में पढकर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

**//आम सूचना//**

मेरे पक्षकार संजय साहू पिता श्री भीखमलाल साहू निवासी- A-8 हर्षित निओ सीटी अमलेश्वर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. के स्वत्व व आधिपत्य की भूमि व मकान A-8 स्थित, अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. खसरा नंबर 208/60 रकबा 1506 वर्गफीट को रश्मि दुबे द्वारा छल कर अपने नाम पर विक्रय विलेख निष्पादित करवा लिया है तथा यह मकान व भूमि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा- देवपुरी, रायपुर (छ.ग.) में बंधक है मेरे पक्षकार ने उक्त संपत्ति के संबंध में न केवल पुलिस प्रशासन को शिकायत की गई है अपितु व्यवहार न्यायालय श्रीमान सक्षम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो के न्यायालय रायपुर में व्य. वाद प्रस्तुत किया गया है । यह पता चला है कि उक्त रश्मि दुबे पिता- स्व. देवनारायण वैष्णव निवासी- चूना भट्टी, फाफाडीह रायपुर के द्वारा उक्त सम्पति को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। एतद् द्वारा आम जनता को सूचित की जाती है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, व फर्म शासकीय व अर्धशासकीय संस्थाएं उक्त वर्णित संपित्त के संबंध में रश्मि दुबे या अधिकृत उसके एजेंटो के साथ लेन-देन या कोई भी संव्यवहार न करें क्योंकि ऐसा संव्यवहार विधि विरूद्ध होकर शून्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा तथा उसकी व्यवहार न्यायालय में पक्षकार बनाया जाएगा। ताकिद जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 14/01/2026

भवदीय
**एस. के. मिश्रा**
**पता- नंदी चौक, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 9300313870**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

जारी दिनांकः- 05/01/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम- तेलीबांधा प.ह.नं.-64 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री/आवेदिका श्रीमती अर्थ अग्रवाल पिता/पति स्व. आर्यरत्न अग्रवाल निवासी कंकालीपारा रायपुर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 84/2 रकबा 0.1300 हे. भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 17/09/2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 19/01/2026 को 1:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर- 09 (तेलीबांधा )**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

**दिनांक 13/01/2026**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुरेश कुमार डगला पिता स्व. शंकरलाल डगला निवासी बजाज कालोनी सेक्टर 02 न्यू राजेंद्र नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 187/1, 187/2 रकबा क्रमशः 0.0850 हे. 0.3200 हे. कुल रकबा 0.4050 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र./ /अ-12/2024-25/नायब तह./ वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 01/01/2026 के परिपालन में दिनांक 22/01/2026 को समय 12.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 69 के अमलीडीह स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक मंडल**
**रायपुर -11 (टिकरापारा)**

## खबर संक्षेप

### खिलोरा में 19 जनवरी भव्य शिव महापुराण कथा



**अभनपुर।** पुराना धमतरी रोड ग्राम खिलोरा मे 9 दिवसीय भव्य शिव महापुराण कथा 19 जनवरी से 27 जनवरी तक संपन्न होगा,इस अवसर मे व्यास पीठ पर राष्ट्रीय कथा वाचक पं. युवराज पाण्डेय द्वारा शिव महापुराण कथा का रसपान कराया जायेगा। कथा की तैयारी मे 20 एकड़ से अधिक जगह पर भव्य पंडाल लगाया गया है,स्थल मे 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओ की बैठने एवं प्रसाद स्वरूप भंडारे की भी की व्यवस्था की गई है। कथा के आयोजन मे प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियो एवं विधायको को आमंत्रण पत्र भेजा गया है। प्रतिदिन कथा का आयोजन दोपहर 1 बजे से शुरू होगा। कथा के दौरान श्रद्धालुओ के लिए सभी आवश्यक सुविधाओ की व्यवस्था के लिए वृहद स्तर मे तैयारी चल रही है। भारत पाल एवं संतोष यदु ने जानकारी देते बताया कि यह आयोजन पुष्पा देवी, गंगाधर अग्रवाल के द्वारा करवाया जा रहा है।

### स्वयं सेवकों ने बहनाकाडी में किया पौधारोपण

**मंदिर हसौद।** कृषि महाविद्यालय, रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के अंतर्गत आज ग्राम बहनाकाडी स्थित विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बहनाकाडी के सरपंच अशोक बंजारे, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय भारिया विद्यालय की प्रधान पाठक तथा कृषि महाविद्यालय, रायपुर के स्वयंसेवकों द्वारा संयुक्त रूप से पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया।

### ग्राम पौता में मड़ई मेला 16 जनवरी को

**अभनपुर।** नवा रायपुर नगर क्षेत्र के ग्राम पौता मे 16 जनवरी शुक्रवार को भक्तराज गुहा निषाद जंयती के अवसर पर मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। भाजपा मंडल महामंत्री एवं सरपंच गौरव शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू,विशेष अतिथि पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू,पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज,जि.सह.केन्द्रीय बैक उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप, जिपं.सदस्य सहित जनप्रतिनिधि शामिल होगे। इस मौके पर सामुदायिक भवन, 2 शेड निर्माण,सीसी रोड सहित कुल 31 लाख रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण किया जायेगा। रात्रिकालिन कार्यक्रम लहर गंगा अर्जुन्दा पुराणिक साहू की प्रस्तुति होगी।

### भिलाई में 16 को मड़ई मेला व सामुदायिक भवन लोकार्पण

**आरंग।** ग्राम पंचायत भिलाई में 16 जनवरी को मड़ई मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही भूमिपूजन जैत खाम चौड़ी मिनी माता चौक (वार्ड 1), साहू समाज के सामुदायिक भवन एवं लोकार्पण सामुदायिक भवन (वार्ड 17) आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रजमोहन अग्रवाल (सांसद, रायपुर लोकसभा क्षेत्र) शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इन्द्रकुमार साहू (विधायक, अभनपुर विधानसभा) करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में टाकेश्वरी मुरली साहू (अध्यक्ष–जनपद पंचायत, आरंग), मुकेश ढीढी अध्यक्ष सरपंच संघ रायपुर आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### पूरन लाल सिन्हा



**तरपोंगी।** मोहदा निवासी पूरन लाल सिन्हा सेवानिवृत्त शिक्षक 85 वर्ष का 14 जनवरी को निधन हो गया। वे लम्बे समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार 15 जनवरी दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे गृह ग्राम मोहदा मुक्ति धाम में किया जाएगा। वे भूपेंद्र, टिकेश्वर, कमल सिन्हा के पिता थे।

# टोकन कटाने किसान भटकने को मजबूर, 5 दिनों से ऑनलाइन-ऑफलाइन व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

टोकन कटाने किसान भटकने मजबूर , विगत 5दिनों से बंद है ऑनलाइन एवं ऑफलाइन

किसानों की समस्या लगातार बढ़ाने का काम कर रही है सरकार 21क्विंटल खरीदने की घोषणा केवल दिखावा है। इस वर्ष किसान लगातार शुरू से परेशान होते आ रही है। पहले एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन के नाम पर अभी भी हजारों किसान वंचित रह गए अब आखिरी दिनों में भारी समस्या खड़ा करने का काम कर रही है। विगत शुक्रवार से आज तक ऑफ लाइन एवं आन लाइन टोकन नहीं कट रहा है। सभी समितियों में यही हाल है समितियों में अधिकतर जगहों पर खरीदी लिमिट नहीं बढ़ा है किसानों को 10 दिन समय शेष रह गया है। धान बेचने के लिए अब सरकार लिमिट भी नहीं बढ़ाए न ही खरीदी का समय बड़ा रहे है। ऐसी स्थिति में किसानों में भारी आक्रोश है किसान मुसीबत में है। अब नया तुगलकी फरमान सरकार द्वारा किया गया है कि टोकन कटाने के पहले किसानों के नाम पर आवेदन किया जाएगा। जब कृषि विस्तार अधिकारी के पोर्टल में देखे जाएंगे तब संबंधित अधिकारी द्वारा टोकन मागे गए किसान घर धान की उपलब्धता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। तब जाके किसानों द्वारा टोकन कट पाएगा ,इसी प्रकार जो किसान टोकन कटा चुके है उसके घर भी एक दिन पहले जांच अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाएगा कि धान उपलब्ध है तब जाके किसान का धान बिक पाएगा।

### सरकार किसानों के प्रति अविश्वास जता रहीः उधोराम वर्मा

**खरीदी लिमिट नहीं बढ़ी, समय भी घटा, किसानों में आक्रोश**



फाइल फोटो


#### किसान हुए परेशान

ये स्थिति किसानों के साथ किया जा रहा है, किसान एक तरफ टोकन के लिए परेशान है। वहीं दूसरी तरफ जिसका टोकन कट गया है वे भी सत्यापन एवं अन्य जांच से जूझना पड़ रहा है। किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि किसानों के साथ ये कृत्य अशोभनीय है। सरकार किसानों के प्रति अविश्वास प्रकट कर रही है। किसानों के घरों की तलाशी कराई जा रही है। किसान अपना मेहनत कर के धान पैदा करती है। आज स्थिति काफी दयनीय है किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।

### दो घंटे से ज्यादा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू

# आग की लपटें देख बस ऑपरेटरों के उड़े होश, पांच बस जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



टिकरापारा थाना क्षेत्र के भाठागांव स्थित इंटर स्टेटस टर्मिनल में देर रात अफरा-तफरी मच गई, जब वहां लोगों ने एक साथ पांच बस को अपनी आंखों के सामने धू-धू कर जलते देखा। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचतीं, बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। राहत की बात यह रही कि अन्य बसों तक आग की लपटें नहीं पहुंचीं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक बसें जलकर खाक हो गई थीं। पुलिस के अनुसार बसों में आगजनी की घटना रात सवा 12 से साढ़े 12 बजे की है। जो बसें आग की चपेट में आई हैं, उनमें तीन बस जीवन ट्रैवल्स की बताई जा रही हैं। रात के समय उपस्थित बस ऑपरेटरों के कर्मियों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया कि बसों में कैसे आग लगी, इस बात की उन्हें जानकारी नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि शरारती तत्वों ने बस में आग लगाई होगी। बसों में आगजनी की घटना के बाद पुलिस मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संदिग्धों की पहचान करने में जुटी हुई है। आगजनी की घटना में किसी के हताहत होने की अब तक खबर नहीं है।

- इंटर स्टेट बस टर्मिनल में महीनों से खड़ी बसें जली

#### जहां बस खड़ी रहती है वह नशेड़ियों का अड्डा

बस ऑपरेटर अपनी कंडम बसों को इंटर स्टेट बस टर्मिनल के खाली मैदान पर जहां छोटे झाड़ के जंगल हैं, वहां पार्क कर देते हैं। जहां कंडम बसें पार्क होती हैं, वह जगह नशेड़ियों का अड्डा है, वहां नशेड़ी गांजा के साथ शराब पीने के साथ अन्य नशा करते देखे जा सकते हैं। खाली प्लाट होने की वजह से वहां किसी तरह से लाइट की व्यवस्था नहीं की गई है। इस बात का भी फायदा उठाते हुए वहां नशेड़ी नशा करने पहुंचते हैं।

#### महीनों से खड़ी थीं बसें

जहां आगजनी की घटना हुई, वहां कई और बसें पार्क की गई थीं। पार्क ज्यादातर बस कंडाम हालत में थीं। बताया जा रहा है, बस ऑपरेटर अपनी कंडम बसों को बस टर्मिनल के पास खाली प्लाट में पार्क कर देते हैं। बस टर्मिनल के खाली प्लाट में पार्क ज्यादातर बसें महीनों से खड़ी हैं। बसों में आगजनी की घटना की जानकारी मिलने पर कई बस ऑपरेटर बस टर्मिनल पहुंच गए। राहत की बात यह रही कि घटना देर रात हुई। दिन के समय आगजनी की घटना होने पर फायर ब्रिगेड की टीम को और कड़ी मशक्कत करनी पड़ती, साथ ही ज्यादा अफरा-तफरी मचती।

# अनावश्यक ब्रेकर बना मुसीबत, दर्जनभर से अधिक दुर्घटनाएं, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजधानी रायपुर के ग्राम डूंडा में फ्लोरल सिटी के पास पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाया गया ब्रेकर दुर्घटना का कारण बन गया है। इस ब्रेकर के कारण आए दिन यहां दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे वाहन सवार के साथ पैदल यात्री भी घायल हो रहे हैं। इस ब्रेकर के कारण कुछ दिनों पूर्व जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु की मां भी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समय रहते अस्पताल में दाखिल कराने से अब उनकी हालत खतरे से बाहर है।

#### ब्रेकर को तोड़ने एक माह पूर्व पीडब्ल्यूडी को लिखा था पत्र

उपाध्यक्ष संदीप यदु ने बताया कि ग्राम डूंडा मार्ग पर फ्लोरल सिटी के पास पीडब्ल्यूडी विभाग ने एक ब्रेकर बनाया है। इस ब्रेकर के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह ब्रेकर ऐसी जगह पर बना है, जहां न चौराहा है और न ही क्रासिंग। ब्रेकर में सफेद-पीला पेंट भी नहीं किया है, जिसके कारण वाहन चालकों को अक्सर ब्रेकर का अंदाजा नहीं हो पाता और वह तेज रफ्तार में होने के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस ब्रेकर को तोड़ने के साथ मुजगहन चौक और सेजबहार चौक के पास नया ब्रेकर बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को 14 दिसंबर को पत्र भी भेजा था, लेकिन इस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। स्थिति यह है कि इस अनावश्यक ब्रेकर के कारण अक्सर यहां दुर्घटनाएं हो रही हैं।

#### मां के साथ दो बाइक दुर्घटना के शिकार

संदीप यदु ने बताया कि अनावश्यक ब्रेकर के कारण उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं, वहीं दो बाइक चालकों को भी चोटें आई हैं। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। घटना के समय उनकी मां रोड क्रास कर रही थी। उसी दौरान एक बाइक चालक जो तेज रफ्तार से उसी रोड से आ रहा था, ब्रेकर में चक्का उछलने के कारण उसका वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और वाहन ने सीधे उनकी मां को टक्कर मार दी। इससे उनकी मां सड़क पर गिरकर घायल हो गईं, वहीं चालक भी वाहन से दूर जाकर गिरा। इधर इस घटना के दौरान दुर्घटनाग्रस्त वाहन के पीछे से आ रही एक और बाइक का भी इसी दौरान ध्यान दुर्घटना के कारण भटक गया और वह भी ब्रेकर के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर वाहन सहित गिर गया। इससे दोनों बाइक चालकों को भी मामूली चोंटे आई हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी इस तरह की कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें लोग घायल होने के साथ वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# विधायक अनुज ने दी 1.08 करोड़ के कार्यों की सौगात

**धरसींवा।** राजधानी से सटे धरसींवा विधानसभा का ग्राम पंचायत गिरौद आज एक ऐतिहासिक सामाजिक क्रांति का साक्षी बना है। यहां दशकों से जड़ जमाए अवैध शराब के कारोबार और असामाजिक तत्वों के आतंक को न केवल जड़ से उखाड़ फेंका गया है, बल्कि उस बदनामी के दाग को संस्कृति के केंद्र में तब्दील कर दिया गया है।

विधायक अनुज शर्मा गिरौद के प्रवास पर थे, तब गांव की महिलाओं ने शिकायत की थी। ग्रामीणों का कहना था कि गांव के एक प्रमुख चौक पर अवैध शराब की बिक्री से पूरा माहौल दूषित हो चुका है और महिलाओं का घर से निकलना सुरक्षित नहीं है। जिसके बाद विधायक श्री शर्मा मौके पर पहुंचे और स्वयं खड़े होकर उस अवैध शराब के अड्डे (अहाते) को ध्वस्त कराया। पुलिस को सख्त निर्देश देकर मौके पर ही कार्यवाही कराई गई, जिसने गाँव में एक नए विश्वास का संचार किया। विधायक अनुज शर्मा ने केवल समस्या का समाधान नहीं किया, बल्कि उस





स्थान का कायाकल्प करने का संकल्प लिया। आज विधायक के विशेष प्रयासों और सीएसआर मद के सहयोग से उसी स्थान पर एक भव्य शासकीय रंगमंच बनकर तैयार है। विधायक अनुज शर्मा ने गिरौद के सर्वांगीण विकास के लिए खजाना खोल दिया है। उन्होंने कुल 1,08,50,000 (एक करोड़ आठ लाख पचास हजार रुपए) के कार्यों की सौगात दी, जिसमे भूमिपूजन करते हुए गांव की आगामी जरूरतों को देखते हुए विधायक ने 75 लाख रुपए के नवीन कार्यों का विधि-विधान से पूजन किया। इसमें सीसी रोड, नाली निर्माण और सामुदायिक भवनों का विस्तार शामिल है। साथ ही लोकार्पण करते हुए 33.50 लाख का रंगमंच और बाउंड्रीवॉल सहित जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें जनता को समर्पित किया गया। समारोह में बोहरही मण्डल अध्यक्ष हरि शंकर वर्मा, सरपंच मधु जय किरण वर्मा, उपसरपंच समीर नायक, मनीष नायक, सुनील वर्मा, कमलेश वर्मा, विवेक निषाद, यशवंत वर्मा, अंकुर वर्मा, मुरली वर्मा, सहदेव नारंग सहित महिला पंचगण धन्नू वर्मा, कुंती वर्मा, जास्मीन वर्मा, भोजकुमारी धीवर, संतोषी वर्मा, सावित्री वर्मा, इंदु गोस्वामी, मंजू सिन्हा, राधा वर्मा, शकुन्तला गजेंद्र, और गंगोत्री नायक,भोज कुमारी धीवर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### विद्याभूषण सोनवानी पुनः बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष



**अभनपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण एवं पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्याभूषण सोनवानी को पुनः ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके पूर्व सफल कार्यकाल, कांग्रेस पार्टी संगठन के प्रति निष्ठा, आस्था एवं समाज सेवा में सक्रिय भूमिका को ध्यान में रखते हुए पार्टी नेतृत्व ने यह निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विश्वास व्यक्त किया है कि विद्याभूषण सोनवानी संगठन द्वारा सौंपी गई। जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएंगे। सोनवानी को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व मंत्री एवं विधायक धनेन्द्र साहू, रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव प्रवीण साहू, ब्रह्मानंद ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, पूजा लोकमणि कोशले, जनपद सदस्य सारिका साहू, रानू बंजारे, नीमा निंबेकर, नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, बलविंदर गांधी, सोनजीत ध्रुव, हिम्मत सिंह, ओमप्रकाश साहू, सपन पांडे, डोमेश सिन्हा, महमूद खान, सुमित तंबोली सहित क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# नपा मंदिर हसौद के पार्षदों ने बीईओ एवं बीआरसी को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद



नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के पार्षदों ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरंग श्री दिनेश शर्मा एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन को सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी लखेश्वर रात्रे, वरिष्ट लिपिक केशव कुमार डहरिया, संकुल समन्वयक ओंकार प्रसाद वर्मा, प्रहलाद शर्मा, जितेंद्र शुक्ला, मनोज मुछावर, अभिषेक तिवारी आदि के उपस्थिति में पुष्प गुच्छ भेंट कर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामना देते हुए नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में संचालित विभिन्न शासकीय शालाओं की समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से जर्जर शाला भवन की मरम्मत, पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने, आहता की ऊंचाई बढ़ाए जाने, निःशक्त बच्चों के लिए रैंप युक्त शौचालय की व्यवस्था किए जाने, शाला के मुख्य द्वारा की मरम्मत, शाला प्रांगण की फ्लोरिंग जैसे मूलभूत सुविधाओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद मधुबाला सुंदर बंजारे, मंजू ललित कश्यप, पदमा यादव, गोलू नोहर रात्रे, सागर पटेल, तुलेश देवांगन, सुरेश यादव सहित पार्षद प्रतिनिधि ओंकार पटेल एवं कौशल कंवर आदि उपस्थित रहे। वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद नोहर दास रात्रे ने बताया कि नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के अधिकांश शालाओं के आहता की ऊंचाई बहुत ही कम होने के कारण शाम होते ही असामाजिक तत्वों द्वारा शाला परिसर में शराब खोरी करते हुए देखा जा सकता है। जिसके चलते नशे की हालत में शाला परिसर में गंदगी फैलाने के साथ ही दरवाजे खिड़कियों को नुकसान पहुंचाई जा रही है। जिससे शिक्षक एवं छात्रों को विभिन्न प्रकार की असुविधा एवं समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद पदमा यादव ने बताया की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदिर हसौद के बोरवेल में जल स्तर जनवरी माह से ही निम्न स्तर पर चला जाता है। जिसके चलते जनवरी माह से ही छात्र-छात्राओं को शाला परिसर के बाहर मुख्य मार्ग पार करके आम नागरिकों के घर से अपने बाटल में पानी भर कर लाना पड़ता है। अतः उपरोक्त समस्त मूलभूत सुविधाओं की कमी को रेखांकित करते हुए नवीन कार्य स्वीकृति हेतु मांग पत्र विभागीय अधिकारी को सौंपा गया।

# समितियों के प्रमुख और शाखा मैनेजरों का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा




जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा धान खरीदी में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। किसी भी कार्य को लेकर अगर किसान के कार्यों में दिक्कतें आ रही हो तो जरूर बताए। भाजपा की सरकार किसानों की अहित नहीं होने देगी। किसान जिला सहकारी बैंक से ऋण लेकर अधिक से अधिक मुनाफा ले सकता है। आज किसान समृद्ध की ओर है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष बनने के बाद उपा.अभिनेश कश्यप के साथ बुधवार को पहली बार दौरे पर तिल्दा पहुचे अध्यक्ष सिन्हा और उपाध्यक्ष कश्यप का नगर के अम्बेडकर भवन में सम्मान समारोह आयोजित कर कार्यकर्ताओं और सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर समिति के अध्यक्ष और कार्यकर्ताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया। श्री सिन्हा ने कहा कि जिला सहकारी बैंक से जुड़े आठ हजार खाता धारक किसान जो सीधे जुड़कर कृषि ऋण लेते हैं, जिनको भारतीय जनता पार्टी की सरकार व बैंक जीरो परसेंट ब्याज पर कृषि ऋण मुहैय्या कराती है। धान खरीदी में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। कृषि यंत्रों पर न्यूनतम ब्याज की राशि देकर किसानों के हित में कार्य करती है जिसे किसान समृद्ध और सशक्त बन सके। किसी भी कार्य को लेकर अगर किसान के कार्यों में दिक्कतें आ रही हो तो जरूर बताए। भाजपा की सरकार किसानों की अहित नहीं होने देगी। किसान जिला सहकारी बैंक से ऋण लेकर अधिक से अधिक मुनाफा ले सकता है। उन्होंने कहा की पात्रता के अनुसार किसानों का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्था की है और किसानों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से खरीदी की जा रही है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल निगरानी में, सुव्यवस्थित और पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संचालित हो रही है। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि धान खरीदी का लाभ केवल वास्तविक किसानों तक ही पहुंचे।

# दो दिवसीय राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव आज से,भव्य आयोजन के लिए सजा नगर

**आरंग।** दो दिवसीय 15 एवं 16 जनवरी को आयोजित होने वाले राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव को लेकर नगर सहित अंचल में उत्साह है। महोत्सव के लिए नगर को आकर्षक रोशनी, बैनर-पोस्टर से दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। प्रचार वाहन नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर महोत्सव का संदेश पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। वहीं आयोजन की सतत निगरानी स्वयं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा की जा रही है। पहले दिन 15 जनवरी को महोत्सव के पहले दिन सुप्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू द्वारा महोत्सव स्थल पर रेत कलाकृति से राम और श्याम की प्रतिकृति का निर्माण किया जाएगा। इसके पश्चात बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर से कार्यक्रम स्थल तक शोभायात्रा निकाली जाएगी।



मंच पर बाबा बागेश्वरनाथ महादेव की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सुवा नृत्य (कोसमखुटा) एवं पंथी पार्टी (कुटेशर) की प्रस्तुति होगी। इतिहासकारों एवं शिक्षाविदों के व्याख्यान के क्रम में आरंग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और आयोजन की सार्थकता पर पटकथा लेखक आनंदराम साहू, वरिष्ठ इतिहासकार एवं पुराविद प्रो. आर.एन. विश्वकर्मा, वरिष्ठ पुराविद जी.एल. रायकवार, शिक्षाविद मुरली मनोहर देवांगन का वक्तव्य होगा।

**॥ आम सूचना ॥**

वाके मौजा ग्राम अमेरी प.ह.नं.06 रा.नि.मं.व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. खसरा नं. 147/3, 493, 564/1 ,564/2 रकबा क्रमशः 0.2500 हे., 0.1500 हे., 0.1200 हे., 0.0800 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.6000 हे. कृषि भूमि बिक्री के संबंध में।

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता चमन लाल पिता फुलसिंग जाति तेली निवासी अमेरी वाले के नाम से वाके मौजा ग्राम अमेरी प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. में खसरा नं. 147/3, 493, 564/1, 564/2 रकबा क्रमशः 0.2500 हे., 0.1500 हे., 0.1200 हे., 0.0800 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.6000 हे. कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में भू-स्वामी आधिपत्य में दर्ज है, जिसको मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय किया जाकर ब्याना रकम देकर इकरारनामा निष्पादित कर लिया है, पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

इसलिए उपरोक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, विक्रेता या उसके कोई वारिसान, फर्म सोसायटी, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजरदावा हो तो आपत्तिमय प्रमाणित दस्तावेज के साथ मेरे नीचे दिये गये पते पर (7) सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। एवं पावती प्राप्त करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के समाप्ति पश्चात मेरा पक्षकार बिक्रीशुदा भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करा लेवेगा तथा उसके बाद उपरोक्त सौदा के संबंध में कोई उजर दावा आपत्ति किया जावेगा, तो अमान्य व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उसके लिए किसी भी प्रकार से जवाबदार नही होगा। सो सूचना जानें।

आरंग छ.ग. दिनांक 14/01/2026

**के. के. गुप्ता अधिवक्ता**
**इंदिरा चौक आरंग जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 9425228796, 7974662256**

# सरकारी सेवा से मोह भंग, प्राइवेट में मिल रहा सहारा... एक और डाक्टर ने छोड़ी नौकरी

## इस्तीफा मंजूरी के दूसरे दिन निजी मेडिकल कालेज में ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सिस्टम की अनदेखी अथवा अन्य वजह से शासकीय सेवा छोड़ने वाले डाक्टरों का प्राइवेट मेडिकल कालेज, हास्पिटल सहारा बन रहे हैं। विभागीय स्तर पर पर्याप्त तवज्जो नहीं मिलने पर शासकीय मेडिकल कालेज से इस्तीफा देने वाले एसोसिएट प्रोफेसर ने निजी मेडिकल कालेज में ज्वाइनिंग दी है। इसके पहले भी संविदा सेवा के दौरान भविष्य को लेकर चिंतित डाक्टरों ने शासकीय संस्थान की नौकरी छोड़कर प्राइवेट संस्थानों के प्रति मोटे वेतन पर अपना विश्वास जताया है।

स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में महती जिम्मेदारी निभा चुके शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के सह-प्राध्यापक ने अपना इस्तीफा चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजा था। इस्तीफा मंजूर होने के दूसरे दिन ही निजी मेडिकल कालेज द्वारा मिली महती जिम्मेदारी को स्वीकारने की सहमति दे दी। एसोसिएट प्रोफेसर द्वारा इस्तीफे की अलग-अलग वजह बताई जा रही थी, जिसमें उनकी योग्यता को सिस्टम में तवज्जो नहीं दिया जाना प्रमुख था। लगातार कोशिशों के बाद भी संविदा आधार पर नए डाक्टर (संविदा चिकित्सक) नहीं मिलने और पुराने लोगों के सेवा से मोहभंग होने चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए गंभीर चिंता का विषय है। जेएनएम मेडिकल कालेज के सह-प्राध्यापक डा. कमलेश जैन की तरह की अन्य शासकीय डाक्टरों का नाम सूची में शामिल है। इनके द्वारा संविदा नौकरी में भविष्य सुरक्षित नहीं होने की वजह से इस्तीफा देकर प्रायवेट संस्थानों की सेवा पर विश्वास जताया था। इनमें डा. संतोष पटेल, डा. एसके खोडियार, डा. संदीप चंद्राकर, डा. संजय कुमार के साथ सुपर स्पेशलिटी डीके अस्पताल के डा. सुरेश सिंह, डा. संजीव गुप्ता, डा. अर्पित अग्रवाल और डा. अभिजीत कोहट जैसे डाक्टर शामिल हैं।

### 400 के करीब संविदा चिकित्सक

शासकीय मेडिकल कालेज एवं इससे संबंधित हास्पिटल में वर्तमान में 397 चिकित्सा शिक्षक संविदा आधार पर अपनी सेवा प्रदान कर रहे है। इनमें से कई तो सेवानिवृत होने को तैयार है। सेवा के अंतिम समय में भी विभाग की ओर से पर्याप्त महत्व नहीं मिलने की वजह से शासकीय नौकरी छोड़कर प्रायवेट सेवा में जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि इन संविदा चिकित्सा को अगर नियमित चिकित्सक के रूप में नियुक्ति दी जाती है तो फैकल्टी के संबंध में एनएमसी की कुछ शर्ते आसानी से पूरी हो सकती है।



**थोक में विज्ञापन, मिल रहे दो-चार :** मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की समस्या दूर करने के लिए कालेज स्तर पर संविदा आधार पर थोक में सीधी भर्ती के लिए आवेदन जारी किया जाता है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब ज्वाइनिंग का वक्त आता है, तब तक नई भर्ती में लेने वाले डाक्टरों की संख्या दो-चार में ही सिमटकर रह जाती है। इसकी वजह से किसी भी कालेज में तय सेटअप से कम डाक्टर अथवा चिकित्सा शिक्षक अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। रायपुर मेडिकल कालेज में इस तरह की भर्ती की प्रक्रिया समय-समय पर पूरी की जाती है।

## खबर संक्षेप

### हाईवे की रेलिंग तोड़ने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार



**रायपुर।** हाइवे रोड का रेलिंग तोड़ने वाले ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नेहरू नगर भिलाई निवासी दुर्गेश राजपूत ने शिकायत किया था। दुर्गेश हाईवे में इंजीनियरिंग का काम करता है। बाफना टोल प्लाजा से राजनांदगांव जा रही ट्रक ट्रेलर एमएच 40 सीएम 9454 के चालक तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए खपरी नाला मे लगी रेलिंग तोड़ दिया। जबकि वो सार्वजनिक संपत्ति है। घटना में रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गया है।अंजोरा पुलिस ने चालक होशियारपुर पंजाब निवासी जसदीप सिंह को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ धारा 281 बीएनएस, लोक सम्पत्ति का नुकसानी का निवारण अधिनियम 1984 की धारा 03 एवं 184 मो.व्ही.ए. के तहत अपराध कायम किया है।

## निधन

### बसंत राव बर्गे



**रायपुर।** समता कालोनी निवासी बसंत राव बर्गे सरपोंगा वाले (90) का 14 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा श्मशान में किया गया। वे अनिल बर्गे, अरविंद बर्गे व भारती जोशी के पिता और चंद्रशेखर बर्गे के जेष्ठ भ्राता थे।

### बिसेलाल यादव



**रायपुर।** अमलेश्वरडीह निवासी बिसेलाल यादव (80) का 14 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट श्मशानघाट में 15 जनवरी को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे जोहर यादव और भूषण यादव के पिता थे।

### रमेश लाल डेंगवानी



**रायपुर।** राजेंद्र नगर इमलीडीह निवासी रमेश लाल डेंगवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 जनवरी न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे मूलचंद डेंगवानी के भाई और सनी डेंगवानी के पिता थे।

## दो घंटे से ज्यादा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू

# आग की लपटें देख बस ऑपरेटरों के उड़े होश, पांच बस जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के भाठागांव स्थित इंटर स्टेटस टर्मिनल में देर रात अफरा-तफरी मच गई, जब वहां लोगों ने एक साथ पांच बस को अपनी आंखों के सामने धू-धू कर जलते देखा। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचतीं, बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी। राहत की बात यह रही कि अन्य बसों तक आग की लपटें नहीं पहुंचीं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक बसें जलकर खाक हो गई थीं।

■ इंटर स्टेट बस टर्मिनल में महीनों से खड़ी बसें जली

पुलिस के अनुसार बसों में आगजनी की घटना रात सवा 12 से साढ़े 12 बजे की है। जो बसें आग की चपेट में आई हैं, उनमें तीन बस जीवन ट्रैवल्स की बताई जा रही हैं। रात के समय उपस्थित बस ऑपरेटरों के कर्मियों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया कि बसों में कैसे आग लगी, इस बात की उन्हें जानकारी नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि शरारती तत्वों ने बस में आग लगाई होगी। बसों में आगजनी की घटना के बाद





पुलिस मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संदिग्धों की पहचान करने में जुटी हुई है। आगजनी की घटना में किसी के हताहत होने की अब तक खबर नहीं है।

### जहां बस खड़ी रहती है वह नशेड़ियों का अड्डा

बस ऑपरेटर अपनी कंडम बसों को इंटर स्टेट बस टर्मिनल के खाली मैदान पर जहां छोटे झाड़ के जंगल हैं, वहां पार्क कर देते हैं। जहां कंडम बसें पार्क होती हैं, वह जगह नशेड़ियों का अड्डा है, वहां नशेड़ी गांजा के साथ शराब पीने के साथ अन्य नशा करते देखे जा सकते हैं। खाली प्लाट होने की वजह से वहां किसी तरह से लाइट की व्यवस्था नहीं की गई है। इस बात का भी फायदा उठाते हुए वहां नशेड़ी नशा करने पहुंचते हैं।

### महीनों से खड़ी थीं बसें

जहां आगजनी की घटना हुई, वहां कई और बसें पार्क की गई थीं। पार्क ज्यादातर बस कंडाम हालत में थीं। बताया जा रहा है, बस ऑपरेटर अपनी कंडम बसों को बस टर्मिनल के पास खाली प्लाट में पार्क कर देते हैं। बस टर्मिनल के खाली प्लाट में पार्क ज्यादातर बसें महीनों से खड़ी हैं। बसों में आगजनी की घटना की जानकारी मिलने पर कई बस ऑपरेटर बस टर्मिनल पहुंच गए। राहत की बात यह रही कि घटना देर रात हुई। दिन के समय आगजनी की घटना होने पर फायर ब्रिगेड की टीम को और कड़ी मशक्कत करनी पड़ती, साथ ही ज्यादा अफरा-तफरी मचती।

## अनावश्यक ब्रेकर बना मुसीबत, दर्जनभर से अधिक दुर्घटनाएं, कई हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के ग्राम डूंडा में फ्लोरल सिटी के पास पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाया गया ब्रेकर दुर्घटना का कारण बन गया है। इस ब्रेकर के कारण आए दिन यहां दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे वाहन सवार के साथ पैदल यात्री भी घायल हो रहे हैं। इस ब्रेकर के कारण कुछ दिनों पूर्व जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु की मां भी गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समय रहते अस्पताल में दाखिल कराने से अब उनकी हालत खतरे से बाहर है।

### ब्रेकर को तोड़ने एक माह पूर्व पीडब्ल्यूडी को लिखा था पत्र

उपाध्यक्ष संदीप यदु ने बताया कि ग्राम डूंडा मार्ग पर फ्लोरल सिटी के पास पीडब्ल्यूडी विभाग ने एक ब्रेकर बनाया है। इस ब्रेकर के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। यह ब्रेकर ऐसी जगह पर बना है, जहां न चौराहा है और न ही क्रासिंग। ब्रेकर में सफेद-पीला पेंट भी नहीं किया है, जिसके कारण वाहन चालकों को अक्सर ब्रेकर का अंदाजा नहीं हो पाता और वह तेज रफ्तार में होने के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस ब्रेकर को तोड़ने के साथ मुजगहन चौक और सेजबहार चौक



के पास नया ब्रेकर बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग को 14 दिसंबर को पत्र भी भेजा था, लेकिन इस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। स्थिति यह है कि इस अनावश्यक ब्रेकर के कारण अक्सर यहां दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### मां के साथ दो बाइक दुर्घटना के शिकार

संदीप यदु ने बताया कि अनावश्यक ब्रेकर के कारण उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं, वहीं दो बाइक चालकों को भी चोटें आई हैं। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। घटना के समय उनकी मां रोड क्रास कर रही थी। उसी दौरान एक बाइक चालक जो तेज रफ्तार से उसी रोड से आ रहा था, ब्रेकर में चक्का उछलने के कारण उसका वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और वाहन ने सीधे उनकी मां को टक्कर मार दी। इससे उनकी मां सड़क पर गिरकर घायल हो गईं, वहीं चालक भी वाहन से दूर जाकर गिरा। इधर इस घटना के दौरान दुर्घटनाग्रस्त वाहन के पीछे से आ रही एक और बाइक का भी इसी दौरान ध्यान दुर्घटना के कारण भटक गया और वह भी ब्रेकर के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर वाहन सहित गिर गया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुई संगोष्ठी

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं "राष्ट्रीय युवा दिवस" के उपलक्ष्य पर अभाविप एग्रीविज़न आयाम छत्तीसगढ़ द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, इकाई अध्यक्ष शिवम योगी, इकाई सचिव आकाश गवेल, महानगर सह मंत्री कुनिका कोडियार एवं परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता भावेश वर्मा, प्रमोद पटेल, प्रेम साहू,




छत्रपाल, किंजल पंड्या, सिद्धार्थ सिंह एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

## तीन दिन के भीतर उठाईगिरी की तीसरी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के गंज, देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र के बाद बुधवार को उठाईगिरी की तीसरी वारदात हुई है। बुधवार को हुई उठाईगिरी की घटना में किसी स्थानीय बदमाश के शामिल होने की पुलिस ने आशंका व्यक्त की है। पूर्व में देवेंद्र नगर तथा गंज थाना क्षेत्र में हुई उठाईगिरी की घटना में पुलिस को ओड़िशा गंजाम के गिरोह के शामिल होने की आशंका है। पूर्व के जिन दो थाना क्षेत्र में उठाईगिरी की घटना हुई है, उन थाना क्षेत्रों से पुलिस को उठाईगिरी करने वाले बदमाशों का महत्वपूर्ण सीसीटीवी फूटेज प्राप्त हुआ है।

■ किसान को लिफ्ट देने के बहाने बाइक चालक एक लाख रुपए ले उड़ा

रायपुरा निवासी राजाराम देवांगन ने उठाईगिरी की शिकायत दर्ज कराई है। राजाराम ने पुलिस को बताया है कि वह एक झोले में नोट लेकर जा रहा था। इस दौरान एक अज्ञात बाइक चालक ने उसे लिफ्ट देने के बहाने अपनी बाइक में बैठाया। चंगोराभाठा के पास बाइक चालक ने बाइक रोक कर राजाराम को पैसे देकर रजनीगंधा लेने भेजा। राजाराम रजनीगंधा लेने गया। तब राजाराम ने जिस झोले में एक लाख रुपए रखा था, उसे लेकर बाइक चालक फरार हो गया।

### शार्ट टाइम रैकी कर उठाईगिरी

राजधानी में पूर्व में जो दो उठाईगिरी की घटना हुई है, पुलिस ने उक्त दोनों प्रकरणों की पड़ताल में पाया है कि उठाईगिरी करने वाला गिरोह शार्ट टाइम रैकी कर उठाईगिरी कर रहा है। पूर्व नियोजित उठाईगिरी नहीं कर रहा। उठाईगिरी करने वालों का एक सदस्य आसपास पार्क गाड़ियों में रखे समान देखता है। इसके बाद अन्य लोग कार का शीशा तोड़ कर उठाईगिरी करते हैं। इस दौरान गिरोह में शामिल अन्य बदमाश आसपास के लोगों की निगरानी करते रहते हैं। इससे खतरा आने पर अपने साथी के सचेत कर सकें।

## बिजनेस साइट

### अनंतरा मार्ट की '2026 की सबसे बड़ी बचत' योजना, 26 रुपये में मिल रहे आकर्षक उपहार

**रायपुर।** शहरवासियों के लिए नए साल की शुरुआत बचत भरे ऑफर के साथ हो रही है। अनंतरा मार्ट ने '2026 की सबसे बड़ी बचत' योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत ग्राहकों को मात्र 26 रुपये में आकर्षक घरेलू उपहार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह विशेष ऑफर 26 जनवरी 2026 तक अनंतरा मार्ट के सभी स्टोर्स पर लागू रहेगा। योजना के अंतर्गत ग्राहकों को खरीदारी पर श्री हरि रेगालिया जार (2 पीस), इंसुलेटेड वॉटर बॉटल, पूजा लॉन्ड्री बास्केट, इलेक्ट्रिक आयरन और अल्ट्रा क्लीन मॉप जैसे उपयोगी उत्पाद केवल 26 रुपये में दिए जाएंगे। यह ऑफर तेल, घी और शक्कर पर लागू नहीं होगा। इसके अलावा अनंतरा मार्ट में




रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं - चावल, आटा, मसाले, चाय, स्नैक्स, डिटर्जेंट, साबुन व होम केयर उत्पादों पर भारी छूट, बाय वन गेट वन और 60 प्रतिशत तक की बचत का लाभ भी दिया जा रहा है। प्रबंधन के अनुसार ग्राहकों को फ्री होम डिलीवरी की सुविधा भी मिलेगी। रायपुर के गोल्डन टॉवर बोरिया खुर्द, जोहरी हॉस्पिटल भाटागांव, शैलेन्द्र नगर कटोरा तालाब स्थित अनंतरा मार्ट स्टोर्स पर यह ऑफर उपलब्ध है।

### श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कला संकाय स्थित हिंदी विभाग द्वारा 'हिंदी भाषा की यात्रा : लोक से विश्व तक' विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य हिंदी के ऐतिहासिक विकास, लोकसंस्कृति से उसके संबंध और वैश्विक विस्तार पर विमर्श करना था। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. सौरभ चतुर्वेदी ने हिंदी को सामाजिक चेतना की भाषा बताया। मुख्यवक्ता प्रो. सियाराम शर्मा ने हिंदी के संघर्ष और विकास-क्रम पर प्रकाश डाला, वहीं कथाकार कैलाश बनवासी ने लोकजीवन की भूमिका को रेखांकित किया। संगोष्ठी में 110 से अधिक विद्वानों व शोधार्थियों ने भाग लिया। तकनीकी सत्रों, पैनल चर्चा और अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं के विचारों ने आयोजन को सार्थक बनाया। राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

## दो दिवसीय राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव आज से,भव्य आयोजन के लिए सजा नगर



**रायपुर।** दो दिवसीय 15 एवं 16 जनवरी को आयोजित होने वाले राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव को लेकर नगर सहित अंचल में उत्साह है। महोत्सव के लिए नगर को आकर्षक रोशनी, बैनर-पोस्टर से दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। प्रचार वाहन नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर महोत्सव का संदेश पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। वहीं आयोजन की सतत निगरानी स्वयं कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा की जा रही है। पहले दिन 15 जनवरी को महोत्सव के पहले दिन सुप्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू द्वारा महोत्सव स्थल पर रेत कलाकृति से राम और श्याम की प्रतिकृति का निर्माण किया जाएगा। इसके पश्चात बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर से कार्यक्रम स्थल तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंच पर बाबा बागेश्वरनाथ महादेव की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सुवा नृत्य (कोसमखुटा) एवं पंथी पार्टी (कुटेशर) की प्रस्तुति होगी। इतिहासकारों एवं शिक्षाविदों के व्याख्यान के क्रम में आरंग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और आयोजन की सार्थकता पर पटकथा लेखक आनंदराम साहू, वरिष्ठ इतिहासकार एवं पुराविद प्रो. आर.एन. विश्वकर्मा, वरिष्ठ पुराविद जी.एल. रायकवार, शिक्षाविद मुरली मनोहर देवांगन का वक्तव्य होगा। इसके अलावा स्वरांजलि डांस ग्रुप की प्रस्तुति, राजा मोरध्वज की झांकी का मंचन, समाज प्रमुखों का सम्मान तथा सुनील सोनी स्टार नाइट का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा। महोत्सव के दूसरे दिन 16 जनवरी को सुबह वेदमाता गायत्री यज्ञ-हवन एवं पूजन होगा। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। लोरिक-चंदा (देउर गांव, साजा) की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। धमतरी से आई राजा मोरध्वज की जीवंत झांकी, अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन के पश्चात राजा मोरध्वज अलंकरण सम्मान समारोह होगा।

## ऑफलाइन व्यवस्था बंद होने से किसान परेशान धान खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** प्रदेश में धान खरीदी को लेकर किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। 31 जनवरी तक धान बेचने की अंतिम तिथि तय होने के बावजूद कुछ जिलों में बीते दिनों से ऑनलाइन टोकन बंद कर दिए गए थे। अब समितियों में ऑफलाइन टोकन भी बंद कर दिए गए हैं। इससे रायपुर समेत कई जिलों की समितियों में किसानों की नाराजगी सामने आने लगी है। इसी दौरान किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि समिति प्रभारियों ने किसानों को स्पष्ट रूप से बताया है कि नोडल अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद ही टोकन जारी किए जाएंगे। इस स्थिति के चलते धान खरीदी की प्रक्रिया लगभग ठप हो गई है। समितियों की ओर से खरीदी लिमिट बढ़ाने के लिए मार्कफेड और प्रशासन को पत्र भेजे गए हैं, लेकिन अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। श्री वर्मा ने मांग की है कि किसानों के साथ ये कृत्य अशोभनीय है, सरकार किसानों के प्रति अविश्वास प्रकट कर रही है, किसानों के घरों की तलाशी कराई जा रही है, किसान अपना मेहनत कर के धान पैदा करती है आज स्थिति काफी दयनीय है किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है, सरकार किसानों को अपमानित करना बंद करे, सत्यापन के नाम पर ढकोशला बंद करे, धान खरीदी लिमिट बढ़ाने और टोकन जारी करें ताकि किसान सुगमता से धान बेच सकें।



## विवेकानन्द विद्यापीठ में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**रायपुर।** स्वामी विवेकानन्द अध्यात्मिक शक्ति, साहस और आत्मविश्वास के प्रतीक थे। उन्होंने शिकागो में दिए गए अपने ऐतिहासिक उद्बोधन से भारतीय संस्कृति की महानता को विश्व पटल पर स्थापित किया। यह विचार विवेकानन्द विद्यापीठ रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में डॉ. सीमा रानी प्रधान ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द दैहिक सौंदर्य की अपेक्षा मानसिक सौंदर्य के पक्षधर थे और भारतीय स्त्रियों में उसका विकास देखना चाहते थे। डॉ. सुभाष चंद्राकर ने कहा कि स्वामी जी ने भारतीय युवाओं में आत्मविश्वास जगाया और चरित्र निर्माण का संदेश दिया। संस्था के सचिव डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने स्वामी विवेकानन्द को युवा चेतना का प्रवर्तक बताते हुए कहा कि युवाओं में अध्यात्मिक गुणों का विकास ही राष्ट्र निर्माण का आधार है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर श्री गणेश विनायक फाउंडेशन की अनोखी पहल

**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर श्री गणेश विनायक फाउंडेशन द्वारा श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में विशेष आत्मरक्षा एवं प्रेरणात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण सत्रों में आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच पर जोर दिया गया। युवाओं को आपात परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने और साहस के साथ प्रतिक्रिया करने का प्रशिक्षण मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एशिया के सबसे ताकतवर पुरुष मनोज चोपड़ा ने



स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर युवाओं को फिटनेस, अनुशासन और चरित्र निर्माण का संदेश दिया। वहीं दिलीप कुमार ने मुकाबला आधारित आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास कराया। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अनिल के. गुप्ता ने कहा कि समग्र विकास के बिना युवा सशक्तिकरण संभव नहीं है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर उत्साह और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

## मंदिरों में चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**रायपुर/भिलाई।** मंदिर में चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्गा गणेश मंदिर मटका लाईन, कैम्प 2 स्थित मंदिर में बीते दिनों चोरी की वारदात हुई थी। जिसकी शिकायत समिति के अध्यक्ष ने पुलिस से किया था।

अज्ञात ने मंदिर में हनुमान की मूर्ति पर लगा चाँदी का मुकुट, स्टील का बर्तन, लड्डू गोपाल की पीतल की मूर्ति समेत अन्य सामान पार हो गया था। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई।

पुलिस ने सीसी टीवी को खंगालना शुरु किया तो मुखबिर ने बताया कि दो लोग इस्पात नगर रिसाली निवासी रीना द्विवेदी और बालमुकुंद सोनी को पकड़ा गया। दोनों



से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया।

## खबर संक्षेप



### सफाई व्यवस्था प्रभावित महापौर बिफरीं, रामकी पर 5 लाख जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम ने रामकी कंपनी पर 5 लाख का जुर्माना लगाया है। साथ ही हड़ताल की वजह से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 18 लाख रुपए की कटौती की है। महापौर मीनल चौबे ने 13 जनवरी को रामकी कंपनी के कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से लोगों को हुई परेशानी को लेकर रामकी कंपनी के अधिकारी को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने रामकी सिटी हेड योगेश कुमार को ताकीद की है कि हड़ताल दोबारा होने पर कांट्रेक्ट खत्म करने पर विचार किया जाएगा। शहर के 70 फीसदी इलाकों में रामकी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को अचानक डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन का काम ठप कर सफाई वाहन दलदल सिवनी के सेंटर में खड़ा कर हड़ताल किए जाने की घटना पर महापौर मीनल चौबे ने संज्ञान लिया। महात्मा गांधी सदन में उन्होंने रामकी कंपनी के अधिकारियों और निगम के अधिकारियों की बैठक बुलाकर सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर नाराजगी जताई।

### श्रीराम सैनिक आज सौंपेंगे कलेक्टर को ज्ञापन

**रायपुर।** सामाजिक भवन में बुधवार को श्रीराम सेना रायपुर के सभी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि राजधानी रायपुर में बढ़ते अवैध नशा, जुआ, सट्टा कारोबार और अपराध को बंद कराने 15 जनवरी को शाम 4 बजे कलेक्टर, एसएसपी कार्यालय पहुंचकर सभी हिंदू समाज और श्रीराम सैनिकों द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा। श्रीराम सेना रायपुर जिला अध्यक्ष शक्ति दुबे ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से पंडित कोमल राव मलकर आदि शामिल थे।

### डेयरी संचालक को नोटिस, 5 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 के प्रीतम नगर में सड़क पर मवेशी को छोड़ने और आवासीय क्षेत्र में गंदगी फैलाने की शिकायत मिलने पर निगम अमले ने जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर की उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किया। शिकायत सही पाए जाने संबंधित डेयरी संचालक को आवासीय क्षेत्र से डेयरी हटाने नोटिस देते हुए 5 हजार रुपए जुर्माना किया। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन स्वच्छता निरीक्षक राकेश बंजारे की उपस्थिति में जनशिकायत का निवारण किया गया।

### 30 से ज्यादा स्थानों पर अलाव

**रायपुर।** शहर में शीतलहर से लोगों को राहत देने नगर निगम के जोन कार्यालयों के माध्यम से 30 अलग-अलग स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने से ठंड से ठिठुरते लोगों को राहत मिली है। नगर निगम द्वारा यह व्यवस्था रैनबसेरा पंडरी, रेलवे स्टेशन, जयस्तम्भ चौक के समीप, रेलवे स्टेशन के पास, मेकाहारा परिसर, पुराना बस स्टैंड पंडरी, महोबा बाजार हॉट बाजार, सरोना बस्ती मुख्य मार्ग के अलावा परमानंद नगर कोटा, सत्यम विहार कॉलोनी रायपुरा, नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर, बड़ा अशोक नगर टाटीबंध चौक के समीप, शंकर नगर, अवन्ति विहार कॉलोनी सहित राजधानी के विभिन्न स्थानों पर जनहित में दी गई है।

# स्कूलों को वेबसाइट पर बताना होगा-भवन कैसा, फीस कितनी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक बार फिर अपने सभी संबद्ध स्कूलों को सख्त निर्देश जारी किया है। बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि वे अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक सूचना जो पालकों को जाननी आवश्यक है, से जुड़ी जानकारी अनिवार्य रूप से अपडेट करें। सीबीएसई ने साफ तौर पर कहा है कि अगर निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो संबंधित स्कूलों पर कार्रवाई हो सकती है। बोर्ड के मुताबिक, कई स्कूलों की वेबसाइट पर अब भी शिक्षकों से जुड़ी पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं है। जबकि नियमों के अनुसार, शिक्षकों के नाम, उनकी शैक्षणिक योग्यता, नियुक्ति की स्थिति और स्व-प्रमाणित दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड करना जरूरी है। यह निर्देश सीबीएसई द्वारा पहले भी कई बार सर्कुलर के माध्यम से जारी किया जा चुका है और संबद्धता संबंधित नियमों में भी इसका स्पष्ट उल्लेख है।

## संबद्धता संबंधित नियम कड़ाई से लागू करने निर्देश




### छात्र-शिक्षक अनुपात

निर्देशों में यह भी कहा गया है कि शिक्षक-छात्र अनुपात 30:1 से अधिक नहीं होना चाहिए। साथ ही, प्रत्येक सेक्शन के लिए कम से कम 1.5 शिक्षक अनिवार्य रूप से होने चाहिए। इसका मकसद यह है कि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। सीबीएसई का कहना है कि यह जानकारी अभिभावकों के लिए बहुत जरूरी है, ताकि वे स्कूल की पारदर्शिता और शिक्षा की गुणवत्ता को समझ सकें। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि अगर कोई स्कूल इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### फीस व छात्रों की संख्या जरूरी

सीबीएसई ने यह भी कहा है कि स्कूल की वेबसाइट पर सिर्फ शिक्षकों की जानकारी ही नहीं, बल्कि स्कूल की संबद्धता स्थिति, उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर, फीस का विवरण, कक्षा-वार छात्रों की संख्या और संपर्क से जुड़ी जानकारी भी सार्वजनिक होनी चाहिए। यह सभी जानकारियां संशोधित प्रारूप में अपलोड की जानी है। बोर्ड ने स्कूलों को फरवरी तक का समय दिया है, ताकि वे अपनी वेबसाइट पर सभी जरूरी जानकारियां अपडेट कर सकें। हाल ही में की गई जांच और मॉनिटरिंग के दौरान यह पाया गया कि कई स्कूलों में शिक्षकों की योग्यता से जुड़ा डेटा वेबसाइट पर नहीं था, जिसे सीबीएसई ने गंभीर मामला माना है।

### एआईसीसी ने जारी की सूची

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल 307 ब्लॉक अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में लंबे समय से बहुप्रतीक्षित ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर आज बड़ा फैसला सामने आ गया है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशभर के 307 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। यह आदेश कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी और एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट ने बुधवार को जारी किया। फैसले को आगामी चुनावों की तैयारी और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्तियां छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, एआईसीसी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से विस्तृत चर्चा के बाद और उदयपुर नव संकल्प घोषणा को ध्यान में रखते हुए की गई है। इन सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके-अपने ब्लॉक का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाया गया है। 307 ब्लॉक अध्यक्षों की हुई, नियुक्ति में रायपुर शहर और ग्रामीण इलाकों के बनाए गए अध्यक्षों के नाम भी शामिल हैं।

### *आगामी चुनावों की तैयारी और संगठन को मजबूत करने की रणनीति*

#### *रायपुर शहर के प्रमुख ब्लॉक अध्यक्षों के नाम*

*संत कबीर दास - विजय टंडन, संत माता कर्मा - हिरेंद्र देवांगन, ले. अरविंद दीक्षित - अरजुमन ढेबर, डॉ. खूबचंद बघेल - विनोद सिंह ठाकुर, शहीद पंकज विक्रम - ओम श्रीवास, महंत लक्ष्मीनारायण दास - सुयश शर्मा, सरदार वल्लभभाई पटेल - देव साहू, शहीद भगत सिंह - सुधा सरोज, नेताजी कन्हैयालाल बाजारी - किशन बजारी, गुरु घासीदास - मिलिंद गौतम, पं. जवाहरलाल नेहरू - सुजीत सिंह, वीरांगना अवंतीबाई - कमल धृतलहरे।*





#### रायपुर ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्षों के नाम

धरसींवा - आशीष वर्मा, अभनपुर - विद्याभूषण सोनवानी, नवापारा - गिरधारी साहू, आरंग - कोमल साहू, आरंग नगर - खिलावन निषाद, तिल्दा सिटी - अजितेश शर्मा, बिरगांव सिटी - योगेंद्र सोलंकी।

#### *ब्लॉक स्तर पर तैयार हुई कांग्रेस की नई टीम*

*सूची में छत्तीसगढ़ के 307 ब्लॉकों के अध्यक्षों की नियुक्ति पूरे प्रदेश को कवर करती है। यह नियुक्ति संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की तैयारी है, इससे जमीनी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी और नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। कई जगह नए चेहरों को मौका दिया गया है, तो कहीं अनुभवी नेताओं पर भरोसा जताया गया है। नव नियुक्त अध्यक्षों को संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं के समन्वय एवं पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

# रेस्ट हाउस में अश्लील डांस के बाद वन मुख्यालय ने कैमरा लगाने जारी किया निर्देश


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूरजपुर के निरीक्षण कुटीर में अश्लील डांस घटना की पुनरावृत्ति रोकने पीसीसीएफ तथा वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने सभी जिलों के डीएफओ को अपने वनमंडल के जितने भी रेस्ट हाउस तथा निरीक्षण कुटीर हैं, उनमें सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश जारी किए हैं।

कैमरा लगाए जाने का निर्देश जारी करने का एक कारण अंदरूनी क्षेत्र के रेस्ट हाउस या निरीक्षण कुटीर में किसी भी तरह की अनैतिक गतिविधि रोकना है। वनबल प्रमुख ने सभी वनमंडलाधिकारियों को अपने यहां के रेस्ट हाउस तथा निरीक्षण कुटीर में जल्द से जल्द कैमरा लगाने के बाद रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि सूरजपुर वनमंडल के रेस्ट हाउस में अश्लील डांस का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग की काफी किरकिरी हुई थी। इस बात का ध्यान में रखते हुए विभागीय अधिकारी ने सभी अफसरों को तत्काल अपने क्षेत्र के निरीक्षण कुटीर के साथ रेस्ट हाउस में कैमरा लगाने के निर्देश दिए हैं। राज्य के छह रेंज में 147 निरीक्षण कुटीर के साथ रेस्ट हाउस हैं। इसके अलावा बिलासपुर रेंज में दो वन चेतना है।

## वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने जारी किए निर्देश



### हंगामा, अय्याशी पर भी लगेगी रोक

बहुतायत में रसूखदार लोग कथित तौर पर सुकून की तलाश में शहर से दूर वनक्षेत्र में पिकनिक मनाने के नाम पर जाते हैं। वहां रुकने के लिए रेस्ट हाउस बुक करते हैं। शहर से दूर वनक्षेत्र में होने की वजह से पिकनिक मनाने जाने वाले ज्यादातर लोग रात के समय तेज साउंड में स्पीकर बजाने के साथ शराबखोरी करते हैं। इसके साथ ही कई ऐसे होते हैं जो वनक्षेत्र के रेस्ट हाउस तथा निरीक्षण कुटीर को अय्याशी का अड्डा समझ कर मस्ती करते हैं। कैमरा लगने के बाद इस पर रोक लगेगी।

### इन सर्किल में इतने निरीक्षण कुटीर, रेस्ट हाउस


- रायपुर - 9 रेस्ट हाउस - 15 निरीक्षण कुटीर
- बिलासपुर - 19 रेस्ट हाउस - 21 निरीक्षण कुटीर
- सरगुजा - 10 रेस्ट हाउस - 17 निरीक्षण कुटीर
- दुर्ग - 7 रेस्ट हाउस - 13 निरीक्षण कुटीर
- कांकेर - 8 रेस्ट हाउस - 13 निरीक्षण कुटीर
- जगदलपुर - 6 रेस्ट हाउस - 7 निरीक्षण कुटीर

# नाले के पाटे तोड़े, गंदगी फैलाने वाले पर 17 हजार रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र स्थित शहर के रामकृष्ण हास्पिटल क्षेत्र स्थित बत्तीस बंगला लाइन में निगम की टीम ने नाले की सफाई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नाले पर बनाए गए अवैध पाटों के कारण सफाई बाधित होना पाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर नाले पर बनाए गए अवैध पाटों को मशीन से तोड़ा गया।

नाले-नालियों की सफाई कार्य में अवैध रूप से बनाए पाटे बाधक साबित हो रहे हैं। इससे नाले-नालियों की सफाई प्रभावित होने लगी है। बुधवार को नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जोन 10 स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा सहित जोन के कर्मचारियों ने बत्तीस बंगला लाइन में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान नाले पर बनाए गए अवैध पाटों को अभियान चलाकर तोड़ते हुए नाले की सफाई कराई गई। पाटों को तोड़ने के बाद नाले की सफाई आसानी से की गई। वहीं क्षेत्र बत्तीस बंगला लाइन क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए 17 हजार रुपए का जुर्माना नोटिस देकर किया गया। रामकृष्ण हास्पिटल की कैंटीन में गंदगी मिलने पर नोटिस देकर जुर्माना किया गया।



- रामकृष्ण अस्पताल क्षेत्र बत्तीस बंगला लाइन में नाले पर बने अवैध पाटों को तोड़ा
- कैंटीन में गंदगी, नोटिस देकर जुर्माना

# चौबे कॉलोनी में हत्या के विरोध में कांग्रेस ने घेरा आजाद चौक थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चौबे कॉलोनी में युवती की निर्मम एवं नृशंस हत्या की घटना के विरोध में आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में आजाद चौक थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान पुलिस प्रशासन एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, रायपुर शहर में लगातार हो रही हत्या, लूट, मारपीट और अन्य गंभीर आपराधिक घटनाओं से आम जनता भयभीत है। चौबे कॉलोनी में हुई इस जघन्य घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि पुलिस प्रशासन शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल हो चुका है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की लापरवाही के कारण आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कांग्रेसियों ने घटना के खिलाफ थाने के सामने प्रदर्शन कर पुलिस को जगाने का काम किया है।

- पुलिस व राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी

### जनता की सुरक्षा प्राथमिकता में नहीं- मेनन

शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, राज्य में भाजपा सरकार को दो साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन राजधानी रायपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। हत्या, लूट, चाकूबाजी, गैंगवार और महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। राजधानी के नागरिक भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। कल मुख्यमंत्री ने बैठक जरूर ली, लेकिन उसमें केवल इंफ्रास्ट्रक्चर पर चर्चा हुई, राजधानी में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई गई। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार की प्राथमिकता में जनता की सुरक्षा शामिल ही नहीं है।

### ये थे मौजूद

इस दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, पंकज शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, सुबोध हरितवाल, दिलीप सिंह चौहान, अरुण जंघेल, देवकुमार साहू, बंशी कन्नौजे, प्रवीण चंद्राकर, अजीत कुकरेजा, मनोज कंदोई, रितेश त्रिपाठी, भावेश बघेल, सुनील भुवाल, राहुल इंदुरिया, विनोद कश्यप, हीरेंद्र देवांगन, बबिता नत्थानी, सुधा सरोज, पद्मा कहार, प्रीति सोनी, सत्यनारायण नायक, योगेश दीक्षित, डोमेश शर्मा, विकास अग्रवाल, मनोज सोनकर, अनिल रायचुरा, वेंकट कुमार, लक्ष्मण सेन, सुयश शर्मा, विनोद ठाकुर, ओम श्रीवास, कमल धृतलहरे, ईश्वर चक्रधारी, सोहन शर्मा, सुशांत डे, राहुल तिवारी, डूमेंद्र दीप, राज देवांगन, मुन्ना मिश्रा, ऋषि देवांगन, दीपक चौबे, मुकेश कुकरेजा, आकाश दीवान, जगदीप कौशिक, आमीर खान, विनय तिवारी, नवीन लाजरस, हर्षित जयसवाल, जित्तु भारती, यश साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कंप्यूटर ऑपरेटरों को 2 माह का वेतन नहीं मिला आयुक्त से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने वेतन वृद्धि किये जाने एवं 2 माह का वेतन नहीं मिलने के मुद्दे पर निगम आयुक्त विश्वदीप से मुलाकात की। प्लेसमेंट यूनियन के अध्यक्ष संजय ऐडे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने निगम आयुक्त को अवगत कराया कि कम्प्यूटर ऑपरेटरों को 2 माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। संबंधित ठेकेदार संस्था अंशआर्यन को दूरभाष के माध्यम से वेतन भुगतान के संबंध में पूछने पर उनके द्वारा सभी ऑपरेटरों का पुलिस सत्यापन किये जाने, सभी का राशन कार्ड, गैस कार्ड की जानकारी मांग रहे हैं। यही नहीं, ऑपरेटरों के साथ सही तरीके से बात नहीं की जा रही है। प्लेसमेंट यूनियन ने संबंधित संस्था का ठेका निरस्त किये जाने एवं वेतन भुगतान कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही ऑपरेटरों ने वेतन वृद्धि के प्रस्ताव को एमआईसी में स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में आग्रह किया है। इसमें मुख्य रूप से यूनियन द्वारा ऑपरेटरों को संविदा दर में वेतन भुगतान करने की मांग भी रखी गई। निगम आयुक्त को इस बात से अवगत कराया गया कि संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत यांत्रिकी प्रकोष्ठ शाखा में प्लेसमेंट एजेन्सी के माध्यम से रखे गये कर्मचारियों को वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार संविदा दर पर वेतन भुगतान किया जा रहा है, वहीं रायपुर के नगर निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कम्प्यूटर ऑपरेटरों को कलेक्टर दर पर न्यूनतम वेतन भुगतान किया जा रहा है।

- ठेकेदार का ठेका निरस्त करने की मांग

# वीआईपी रोड नाला अतिक्रमण की सीमांकन रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने आरोप लगाया कि राजधानी के वीआईपी रोड स्थित अवैध प्लॉटिंग का मामला उजागर किये 15 दिन से ज्यादा समय हो गया है, इसके बाद भी नगर निगम सहित जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। बेशकीमती सरकारी जमीन सहित सरकारी नाले को पाटे जाने जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया समझ से परे है। श्री तिवारी ने आरोप लगाया है कि सत्ता संगठन से जुड़े नेताओं की शह पर नाले को पाटा गया है। संबंधित जमीन का सीमांकन रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं करना समझ से परे है। कब्जेदार का नाम सार्वजनिक नहीं किया जाना षडयंत्र को जन्म देना प्रतीत हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने इस पूरे मामले की सीमांकन रिपोर्ट को यदि जल्द सार्वजनिक करने की मांग की है, यदि ऐसा नहीं हुआ तो वे निगम मुख्यालय एवं जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए हकीकत को उजागर करेंगे। विदित हो, निगम नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी द्वारा 29 दिसंबर को मौके पर जाकर जायजा लिया गया इस दौरान उन्हें स्थानीय निवासियों द्वारा जानकारी मिली कि नाले को संकरा कर दिया गया है।




- नेता प्रतिपक्ष ने जताया ऐतराज









हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



सिटी इवेंट

## एलुमिनी मीट में मिले पुराने दोस्त गुरुओं ने भी साझा किया अनुभव



**रायपुर।** शहर से सटे माना कैंप स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति आयोजित किए जाने वाले एलुमिनी मीट की परंपरा इस वर्ष भी निभाई गई। नवोदयनामा थीम पर आयोजित दो दिवसीय एलुमिनी मीट को सफल बनाने का दायित्व विद्यालय की समिति व 15वें बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं ने संभाली। इसमें एक हजार से अधिक पूर्व विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। विशेष उल्लेखनीय रहा कि 15वें बैच के 60 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने आयोजन को सफल बनाने का दायित्व विद्यालय समिति और पूर्व छात्राओं ने बखूबी निभाया। पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने छात्र जीवन की यादों को पुनः जीवंत किया। बैंच 2000–2007 का 25 वर्षों का यह अनमोल सफर, इस आयोजन में एक बार फिर आकर्षण का केन्द्र रहा। इस संस्थान में सेवारत शिक्षकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। सेवानिवृत्त होने के बाद भी गुरुजन आए और अपनी उपस्थिति से आयोजन को विशेष बना दिया।

### प्रतिभागियों को नई ऊर्जा व आनंद प्रदान किया

गुरुजनों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन ने इस आयोजन को और भी सार्थक बना दिया। इस बार का आयोजन केवल मिलन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें कई नवीन और रोचक प्रस्तुतियां भी शामिल की गईं। मैजिक शो ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए गए। वर्तमान और पूर्व छात्रों के बीच आयोजित खेल प्रतियोगिताओं ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया। इन विविध गतिविधियों ने सभी प्रतिभागियों को नई ऊर्जा व आनंद प्रदान किया। एलुमिनी मीट में पूर्व छात्र -छात्राओं ने अपने अनुभव को साझा किए और भावी पीढ़ी को प्रेरणादायी बना दिया। 15वें बैंच के छात्र-छात्राओं ने दिन-रात मेहनत की और इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### मकर संक्रांति पर्व पर शहरवासियों में भक्ति व उत्साह का रहा माहौल

# आस्था में जगमगाएं हजारों दीप आसमान में बिखरी सतरंगी छटा

## उत्साह के मांझे से उड़ाई खुशियों की पतंग

*सूर्य उत्तरायण यानि मकर संक्रांति पर्व पर शहरवासियों में गजब का भक्ति व उत्साह का माहौल देखने को मिला। पर्व पर प्रातःकाल से ही पुण्य स्नान करने खारुन नदी महादेवघाट में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं, घाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करने भक्तों का तांता लगा रहा। इसी तरह की भक्ति और उत्साह का माहौल शहर के दूसरे मंदिरों में भी दिखा। इनमें सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर, जैतूसाव मठ, दूधाधारी मंदिर, बालाजी मंदिर गुढ़ियारी, गिरीराज मंदिर बूढ़ापारा, स्वामी नारायण मंदिर देवेंद्र नगर में भक्तों की भीड़ रही।*





### 50 हजार दीपों से जगमगाया भगवान अयप्पा का मंदिर

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर टाटीबंध स्थित भगवान अयप्पा मंदिर 50 हजार दीपों से जगमग हुआ। भक्तों ने शाम 6 बजे से दीप अलंकार लक्षदीपम, दीपाराधना एवं आरती में भाग लिया। भक्तजनों ने स्वयं तेल व बत्ती लाकर मकर ज्योति प्रज्वलित किए और मंदिर परिसर को दीपों से जगमग कर पुण्य लाभ अर्जित किए। इसके पश्चात 7 बजे भजन संध्या व 8.15 बजे रात्रि भोग पूजा संपन्न हुई। अयप्पा सेवा संघम के अध्यक्ष गोपाल मेनोन ने बताया कि नववर्ष में ग्रहों की विपरीत दशाओं से उत्पन्न संभावित दोषों से मुक्ति एवं सुख-समृद्धि की कामना को लेकर मकर संक्रांति पर भगवान शनिश्वर स्वरूप श्री अयप्पा की विशेष आराधना की गई। धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर की पवित्र 18 सीढ़ियों के खुलने का साथ हुआ, जो देर रात्रि तक निरंतर चलता रहा।

### सप्रे शाला मैदान पर पतंगबाजी का रोमांच



सप्रे शाला मैदान पर बच्चे, महिलाएं, युवा सभी वर्ग के लोग आकाश पर रंग-बिरंगी पतंगे उड़ाते हुए पतंगबाजी का खूब मजा लिया। मैदान पर बड़ी संख्या में लोग पतंगबाजी को एंजॉय करने पहुंचे। लोगों ने पतंग कटिंग प्रतियोगिता के रोमांच का भरपूर आनंद लिया। पतंग उड़ाते हुए लोग खुशी, रोमांच और उत्साह से सराबोर दिखे।



### दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर बिखरी खुशियां फोटो दिव्यांग बच्चे

अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में मकर संक्रांति की धूम रही। यहां नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, समाजसेवी गौरव अग्रवाल, क्रेडाई अध्यक्ष पंकज लाहोटी ने आकर बच्चों के साथ तिल दान एवं पतंगबाजी कर पर्व की खुशियां बांटी। बच्चों के चेहरे आकर्षक गिफ्ट पाकर खिल उठा।





**रायपुर।** लोग परिवार के साथ सुबह व शाम मंदिरों में पूजा-आरती कर अपने लिए सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। मकर संक्रांति पर्व के परंपरा के मुताबिक लोग परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों को तिल-गुड़ की लड्डू खिलाकर बधाइयां व खुशियां बांटी। वहीं, दोपहर में घर के छतों से लेकर मैदानों पर रंग-बिरंगी पतंगों और मांझे के साथ बच्चे-बड़े पतंगबाजी का आनंद लेते रहे। दिन भर चारों ओर मकर संक्रांति पर परंपरा, आस्था, भक्ति और धार्मिक अनुष्ठान का सिलसिला चलता रहा।

### मातृशक्ति परिषद् इकाई ने वृद्धजनों के साथ बांटी खुशियां

ब्राह्मण सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ ने सुंदर नगर स्थित प्रशामक देखरेख गृह में निवासरत वृद्धजनों के साथ मकर संक्रांति का उत्सव मनाया। संगठन की मातृशक्ति परिषद् इकाई की प्रांत प्रमुख प्रमिला तिवारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पं. विवेक दुबे ने संगठन की परंपरानुसार वृद्धजनों के साथ तिल के लड्डू, फल आदि वितरित कर खुशियां बांटी। इस अवसर पर कालिंदी उपाध्याय, स्वाति मिश्रा, भारती शर्मा, आयुषी शर्मा, विजयलक्ष्मी तिवारी, पूनम पांडेय, रंजू शर्मा, पं. उत्तम तिवारी, पं. श्रीकांत तिवारी, पं. उमाकांत तिवारी, शिवन्या तिवारी एवं डॉ. भावेश शुक्ला उपस्थित रही।



सिटी इवेंट

## सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस पर समारोह में किया गया सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया में बुधवार को उत्साह के साथ सशस्त्र बल ने पूर्व सैनिकों के अदम्य साहस और देश प्रेम की भावना और बलिदान को याद किया। सम्मान करने के लिए मुख्यालय में 10वां सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें 450 प्रतिष्ठित पूर्व सैनिक, वीर नारियों, माताओं को आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर दिया। फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ से प्रेरित होकर 2017 में इसकी शुरुआत की गई थी। जिनकी भावना समारोह के लिए प्रेरित करती है।

इसके माध्यम से पूर्व सैनिकों, उनके परिवार के लोग, समुदाय और राजनीतिक नेतृत्व को एक साथ लाया गया, ताकि उन लोगों की मौजूदगी में स्थायी विरासत पर विचार किया जा सके, जिन्होंने स्वतंत्रता की रक्षा की है।




### सीएसडी और ईसीएचएस काउंटर की सुविधा

इस अवसर पर ब्रिगेडियर तेजिंदर सिंह बावा, सेना मैडल, कमांडर छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया ने समारोह में शामिल परिवार के लोगों का स्वागत किया। उन्होंने संबोधित करते हुए उनके समर्पण और सेवाभाव को याद किया। पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों का सहयोग करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पूर्व सैनिकों की जरूरत और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विभिन्न सुविधाएं जैसे आंखों की जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, स्पर्श केंद्र, सीएसडी और ईसीएचएस काउंटर की सुविधा दी गई। साथ ही उनकी शिकायतों का समाधान करने और नई सरकारी नीतियों, पेंशन लाभ के बारे में जागरूकता फैलाने का एक ठोस प्रयास किया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल एके. जिंदल, पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस. एम., वाई.एस.एम. (सेवानिवृत्त),सीईओ और निदेशक एम्स सहित सशस्त्र के लोग शामिल हुए।

### श्रीगुजराती ब्रह्म समाज महिला मंडल में रही धूम

श्रीगुजराती ब्रह्म समाज महिला मंडल के द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर फाफाडीह स्थित दया भवन में स्वावलंबी विवाहित महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत विवाहित महिलाओं के इस सम्मान समारोह में डॉ. मृणालिका ओझा का शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में किए गए उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए सम्मान किया गया। डॉ. मृणालिका ओझा ने आभार व्यक्त करते हुए वृहद स्तर पर इस समारोह को आयोजित करने के लिए महिला मंडल की अध्यक्ष प्रेरणा बेन भट्ट सहित पूरी टीम को बधाई दी। इस गरिमामय समारोह में श्रीगुजराती ब्रह्म समाज के अध्यक्ष कीर्ति भाई व्यास, हितेश भाई व्यास उपाध्यक्ष, अशोक भाई त्रिवेदी सचिव, महिला मंडल की अध्यक्ष प्रेरणा बेन भट्ट, सचिव दीपा बेन पंड्या सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### अग्रवाल सभा एवं युवा मंडल ने समाज के साथ मनाया पर्व



अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल युवा मंडल ने मकर संक्रांति पर रिश्तों का मंझा -4.0 का भव्य आयोजन किया। यह आयोजन एसएन पैलेस, सेरीखेड़ी में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि रिश्तों का मंझा जैसे आयोजन समाज को जोड़ने, संवाद को प्रोत्साहित करने और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। इसमें समाज के सभी वर्गों की बड़ी संख्या में उपस्थित रही। उन्होंने मकर संक्रांति पर तिल-गुड़ की लड्डू के साथ पतंगबाजी कर आपस में खुशियां बांटी।



### सामाजिक एकता को प्रबलता प्रदान करता है संक्रांति का पतंगोत्सव

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुजराती युवा मंडल द्वारा नगर निगम खेल मैदान बुढ़ापारा स्प्रे शाला ग्राउंड में बुधवार को पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में रायपुर गुजराती समाज के सभी गठन के अध्यक्ष एवं सदस्य विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं शामिल हुई। इस मौके पर सर्व गुजराती समाज के प्रदेशाध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने कहा कि विकसित भारत 2047 प्रधानमंत्री के सोच को साकार करता है हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत को सहेज कर आगे बढ़ाने वाला आयोजन, जिसमें हमेशा गुजराती समाज अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए हम सबके बीच जो भाईचारा ओर एकता बीज रोपित करता है उसे हमने और अधिक मजबूत बनाने के लिए यह आयोजन किया है। इसी दौरान समाज के वरिष्ठ पूर्व विधायक एवं एनआर गुजराती समाज के अध्यक्ष देवजी भाई पटेल ने आयोजकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गुजराती समाज का हर व्यक्ति एक-दूसरे के साथ जुड़कर अपने आप को जीवन में समाज सेवा के धरातल पर हमेशा समर्पित भाव से प्रस्तुत करता है और यही एकमात्र कारण है कि गुजराती समाज सबसे भिन्न होकर धर्म, संस्कृति व समाज के लिए अग्रणी समाज में गिना जाता है जिसे आगे बढ़ाने के लिए हमारे पर्व हमारे तीज, हमारे त्योहार तथा धार्मिक आयोजन एक सफल माध्यम होते है। इस पतंगोत्सव में मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरेंदर मिश्रा, मुरली शर्मा, गौरांग काचा, जतिन बावरिया, चिराग दोशी, सचिव चिराग जोशी, निखिल पंड्या, हिलोर बारमेड़ा, भावेश राठोड़ के अलावा सदस्य विशाल टांक, कल्पेश ढ़ोलकीया, प्रकाश बारमेड़ा, सुनील पंड्या, नितिन ढोलकिया, चंद्रकांत देसाई, जितेन्द्र चौहान, विपिन पटेल आदि सहित समाज के लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

**समाज लाइव**

## भोगी पर्व पर सिल्वर जुबली सभासदों ने खेले रोचक गेम्स



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के दिव्यांग बालिका विकास गृह में मंगलवार की रात भोगी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर अपनी शादी की सिल्वर जुबली मनाने वाले मंडल के वरिष्ठ आजीवन सभासद जोड़े को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ जोड़े अपर्णा-अनिल श्रीराम कालेले ने सम्मान किया। हाल ही में शादी की सिल्वर जुबली मनाने वाले रविंद्र- रचना ठेंगड़ी और प्रवीण- गौरी क्षीरसागर की जोड़ी ने वैवाहिक जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव शेयर किए। इस बीच रोचक गेम्स खेले गए। महिलाओं की शानदार उपस्थिति को देखते हुए तंबोला का आयोजन किया गया। इस आयोजन की संयोजिका गीता दलाल ने बताया कि दिव्यांग बालिका विकास गृह के गार्डन में खुले आसमान के नीचे अलाव के बीच भोगी उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

### 23 को 17 महिला केन्द्रों की पहल पर होगा आयोजन

आयोजन में वरिष्ठ जोड़े अनिल और अपर्णा कालेले ने बताया कि शादी के 54 सालों में हर पल खास रहा। इन वर्षों में हर क्षण को आनंद के साथ जिया। गीता ने स्ट्रा के दोनों कोने को मुंह में दबाकर जोड़ों से आड़ी दौड़ करवाई। इसमें डॉ. शुचिता- शचिंद्र देशमुख विजेता रही, जबकि जयेश-कुंतल कालेले को उपविजेता चुना गया। आयोजन की अंतिम कड़ी में परंपरागत तिल -गुड़ की मीठी रोटी एवं खिचड़ी और कढ़ी का सभी ने लुत्फ उठाया। महाराष्ट्र मंडल के सभी 17 महिला केंद्रों का सामूहिक हल्दी, कुंकू का भव्य आयोजन 23 जनवरी को करने की सूचना भी दी गई। शादी के 25 साल पूरे होने पर दर्जनभर से ज्यादा जोड़ों का सम्मान किया गया।

● ट्रिपल आईटी में सेकंड इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंटेलिजेंट सिस्टम्स एंड सिक्योरिटी -2026 का आयोजन

# बीटेक में जोड़ा साइबर सुरक्षा का नया कोर्स, अब इंटेलिजेंट सिक्योरिटी में स्टूडेंट्स बन रहे सक्षम

ट्रिपल आईटी में बुधवार को सेकंड इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंटेलिजेंट सिस्टम्स एंड सिक्योरिटी पर वर्कशॉप हुआ। यह तीन दिवसीय वर्कशॉप 16 जनवरी तक चलेगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा उत्पन्न एवं संचालित जटिल साइबर खतरों से निपटने मजबूत और प्रभावी सुरक्षा तंत्र विकसित करने पर दुनिया भर के प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और उद्योग जगत के पेशेवरों को विचारों के आदान-प्रदान और सहयोग के लिए एक साझा वैश्विक मंच प्रदान किया गया है।








**रायपुर।** टकॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र की शुरुआत ट्रिपल आईटी-एनआर के निदेशक प्रो. ओम प्रकाश व्यास के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने बढ़ते साइबर हमलों के खतरे को रोकने के लिए साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि इसी उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रिपल आईटी-एनआर ने हाल ही में बीटेक के संशोधित पाठ्यक्रम में पांच माइनर स्ट्रीम्स शुरू की हैं, जिनमें साइबर सुरक्षा भी शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान ऐसे स्नातक तैयार करेगा, जो न केवल तकनीकी रूप से दक्ष होंगे, बल्कि सामाजिक रूप से भी जागरूक होंगे।

### देश-विदेश के संस्थानों से कुल 206 शोध पत्र प्रस्तुत

डॉ. देबाशीष गिरि ने सम्मेलन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों से कुल 206 शोध पत्र प्राप्त हुए। कठोर त्रि-स्तरीय विशेषज्ञ पीयर-रिव्यू प्रक्रिया के बाद 50 उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्र प्रस्तुति एवं प्रकाशन के लिए चयनित किए गए हैं, जो सम्मेलन के उच्च अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मानकों को दर्शाते हैं। उद्घाटन सत्र का समापन डॉ. विनय कुमार, सहायक प्राध्यापक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### कॉन्फ्रेंस में इन विशेषज्ञों की रही भागीदारी

सीएसआईएसएस-2026 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित विशिष्ट अतिथि विशेषज्ञ के रूप में पद्मश्री प्रो. अजय कुमार रे, पूर्व निदेशक, आईआईईएसटी शिबपुर, प्रो. संदीप शुक्ला निदेशक ट्रिपल आईटी हैदराबाद, इटली के यूनिवर्सिटी ऑफ मेसिना से अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त प्रो. एंटोनियो पुलियाफिटो, प्रोफेसर ऑफ कंप्यूटर इंजीनियरिंग एवं निदेशक डिस्ट्रिब्यूटेड सिस्टम्स एंड स्मार्ट सिटी लैब और डॉ. देबाशीष गिरि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कोलकाता उपस्थित रहे।

### स्वदेशी तकनीक विकसित करने की जरूरत

प्रो. संदीप शुक्ला ने कहा कि एआई के लिए प्रयुक्त बड़े सर्वर अत्यधिक ऊर्जा खपत वाले हार्डवेयर पर आधारित होते हैं और हम ऐसी तकनीकों पर निर्भर हैं, जो अन्य देशों के स्वामित्व और नियंत्रण में हैं। उन्होंने स्वदेशी तकनीक विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रो. एंटोनियो पुलियाफिटो ने कहा कि एआई बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने स्मार्ट सिटी जैसी व्यवस्थाओं में साइबर सुरक्षा के प्रबंध की इंटरनेशनल को-आर्डिनेशन को आवश्यक बताया।

**धर्म लाइव**

## आराध्य देवी की प्रतिमा आगमन पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**रायपुर।** बिरगांव में देवांगन कोस्टा समाज द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव एवं प्राण- प्रतिष्ठा समारोह की श्रृंखला में गुरुवार को दोपहर दो बजे आराध्य देवी की प्रतिमा आगमन पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं, महोत्सव का मुख्य आयोजन 22 एवं 23 जनवरी को धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर समाज में हर्ष और उल्लास का माहौल है। मां परमेश्वरी की प्रतिभा के भव्य आगमन से पूर्व बूढ़ातालाब रायपुर से व्यास तालाब चौक बिरगांव तक भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी। इसका आयोजन देवांगन कोस्टा समाज बिरगांव की युवा टीम द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद शाम 5 बजे व्यास तालाब चौक से बुधवारी बाजार तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में विशेष रूप से रोड लाइट, मनमोहक झांकियों के साथ समाज के लोग आयोजन का हिस्सा बनेंगे।



### समाज में उत्साह का माहौल बन रहा

इस आयोजन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल बन रहा है। इस संबंध में मां परमेश्वरी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष टकेश देवांगन एवं युवा देवांगन समाज बिरगांव के अध्यक्ष ईश्वर देवांगन ने बताया कि यह आयोजन भव्य एवं ऐतिहासिक होगा। इसकी तैयारी उत्साह और समर्पण के साथ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी पूरी टीम आयोजन को सफल बनाने में निरंतर जुटी है। सभी श्रद्धालुओं एवं निगम क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति में धार्मिक आयोजन किया जाएगा। बाइक रैली में युवाओं की टीम भाग लेने वाली है।

# यंग इंडियंस के कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने का संकल्प



**रायपुर।** बुधवार को वायआई रायपुर यंग इंडियंस के नेतृत्व में पथ फाइनडर- 2026 का आयोजन किया गया। यह आयोजन वीआईपी रोड स्थित एक होटल किया गया। इसका उद्देश्य वर्ष 2026 के लिए स्पष्ट दिशा और कार्ययोजना निर्धारित करना रहा। इस अवसर पर वायआई रायपुर के 50 कार्यकारिणी समिति सदस्यों ने 18 वर्टिकल्स के अंतर्गत अपने 100 दिवसीय कार्ययोजनाएं प्रस्तुत कीं, जो यंग इंडियंस के कॉमन मिनिमम प्रोग्राम और राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण से संबंधित रही। कार्यक्रम की शुरुआत अरुण राठौर राष्ट्रीय अध्यक्ष, यंग इंडियंस के प्रेरणादायक संदेश से हुई, जिसमें उन्होंने उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व और सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया। इसके पश्चात पंकज सोमानी चेयर, यंग इंडियंस ने उद्घाटन संबोधन देते हुए सहयोग, ईमानदारी और दीर्घकालिक प्रभाव पर केंद्रित नेतृत्व की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके बाद सभी 18 वर्टिकल्स के नेताओं ने वर्ष-2026 में प्रस्तावित परियोजनाओं, पहलों और कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में आलोक अग्रवाल क्षेत्रीय अध्यक्ष, यंग इंडियंस की उपस्थिति रही, जिससे क्षेत्रीय समन्वय और मार्गदर्शन को मजबूती मिली। कार्यक्रम में 120 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

**यंग इंडियंस ने पथ फाइंडर- 2026 का किया आयोजन, राष्ट्र निर्माण के लिए तय की वर्ष की दिशा**

### थीम बीयू का किया अनावरण

कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बनाते हुए तरंग खुराना पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, यंग इंडियंस ने कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित किया और 2026 को निर्णायक वर्ष बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर यंग इंडियंस ने वर्ष-2026 की थीम बीयू का अनावरण किया। यह थीम प्रामाणिकता, ईमानदारी, मूल्य-आधारित कार्यशैली, निडर नेतृत्व और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जिसने उपस्थित सदस्यों को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम का समापन कावीर पसारी सह-अध्यक्ष यंग इंडियंस के समापन संबोधन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन में बदलने का आह्वान किया।



# बेटियां ससुराल में रहते हुए भी करती हैं माता-पिता की चिंता

**रायपुर।** विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट शाखा रायपुर द्वारा अवधपुरी मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की अंतिम कड़ी में संतश्री चिन्मयानंद बापू ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाईं। श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि व्यासपीठ पर वक्ता नहीं, स्वयं नारायण बोलते हैं, चाहे संत कोई भी हो। आज कथा का अंतिम दिवस है। इन सात दिनों में गुढ़ियारी के आसपास क्षेत्र में भक्तिमय उत्सव का माहौल बना। कथा सुनने आसपास के शहरों-गांवों से भी लोग आए, इनमें माताएं-बहनें बहुतायत में श्रोता बनीं। आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे हैं, कुछ क्षेत्रों में पुरुषों से भी आगे हैं। परिवार में बालिका के जन्म लेने पर उत्सव मनाएं। बेटे पढ़-लिख लेंगे और वे विदेशों में बस जाएंगे। माता-पिता अकेले रह जाते हैं। बेटियां ससुराल में रहते हुए भी माता-पिता की चिंता करती हैं।

### नरकासुर ने 16 हजार 1 सौ महिलाओं को बंदी बनाया

संतश्री ने बताया कि भगवान कृष्ण की आठ रानियां रुक्मणी, जाम्बवती, सत्यभामा, कालिंदी, मित्रविंदा, नाग्नजिती, सत्या और लक्ष्मणा थीं। असुरराज नरकासुर अपने बंदीगृह में 16 हजार 1सौ महिलाओं को बंदी बनाकर उन पर तरह-तरह के अत्याचार करता था। तब प्रभु ने देवताओं एवं धरती माता के अनुरोध पर नरकासुर का वध किया और नारियों को मुक्त कराया। महाराजश्री ने इस भव्य आयोजन के लिए यजमान जितेन्द्र अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, चन्द्रचूड़ त्रिपाठी, रोहित मिश्रा, आशीष तिवारी, मनोज तिवारी, मीडिया प्रभारी नितिन कुमार झा के कार्यों की मुक्त कण्ठ से सराहना की।



**सिटी इवेंट**

## पांच कुण्डीय महालक्ष्मी यज्ञ और सत्संग भागवत कथा 19 से, 18 को कलश यात्रा



**रायपुर।** सार्वजनिक जनमानस कल्याणार्थ के लिए गुप्त नवरात्रि पर्व पर पांच कुण्डीय महालक्ष्मी यज्ञ और सत्संग भागवत कथा का आयोजन 18 से 27 जनवरी तक सनातन धर्म एकता संघ और श्यामाचरण भारत संघ के तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा। नौ दिवसीय कथा का वाचन कथावाचक आचार्य पं विवेकानंद दवरा गुप्त नवरात्र के विधानों की व्याख्या की जायेगी। जिसके लिए कथा स्थल पर भूमिपूजन किया गया। इस दौरान पार्षद शकुंतला साहू, विवेकानन्द शास्त्री, महेश द्विवेदी, अनिल चौबे, भास्कर राव, पुष्पलता, निरंजन अग्रवाल, भोला पटेल, नीरज गुप्ता, राज कुमार, करण सिंह, बी पी चौरसिया, स्वर्णलता चौरसिया, के.सी. मोहंती, झुनु मोहंती उपस्थित रहे। आयोजको ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे से कलश यात्रा निकाली जायेगी और 19 जनवरी से कथा का समय दोपहर 3 बजे से रहेगा। इस दिन सुबह मण्डप प्रवेश, मण्डप पूजन सुबह 9 बजे, अग्नि मंथन, 10 बजे और हवन 11 बजे किया जायेगा। जिसके बाद भण्डारा प्रतिदिन दोपहर साढ़े 12 बजे से ढाई बजे तक किया जायेगा। भागवत महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे और आरती शाम 6 बजे होगी। कथा समापन 27 को होगा।

शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला कॉलेज में वार्षिक प्रतियोगिता, निर्णायकों के सामने आकर्षक लुक में आए प्रतिभागी

# पंडवानी गायिका, दुल्हन और झांसी की रानी बनकर स्टेज पर फैंसी ड्रेस और फैशन शो से बिखेरा जलवा

**कार्नर न्यूज**



**रायपुर।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला कॉलेज में बुधवार को प्रतिभागियों ने वार्षिक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला सजाई।

कॉलेज में इस उत्सव में फ़ैन्सी ड्रेस एवं फ़ैशन शो का सिलसिला चला। प्राचार्य डॉ. किरण गजपाल ने छात्राओं को संबोधित किया। इसके बाद प्रतिभागियों ने फैंसी ड्रेस एवं फैशन शो के दौरान स्टेज पर पंडवानी गायिका, दुल्हन और झांसी की रानी बनकर स्टेज पर फैशन का जलवा बिखेरने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। फैशन की दुनिया कुछ देर के लिए कॉलेज में सजाए गए स्टेज पर रैम्प वॉक करते हुए निर्णायकों के सामने भी चुनौती पेश की। नए कलेक्शन, स्टाइल और ट्रेंड्स को रैंप पर दिखाते हुए मॉडल्स की तरह वॉक किया। संगीत और खास लाइटिंग के ज़रिए एक थीम पेश की। इसमें पारंपरिक परिधान को भी फैंसी और फैशन शो का हिस्सा बनाया। दर्शक दीर्घा से छात्राओं ने उनका उत्साहवर्धन किया।



### कॉलेज में पहली बार आयोजित की प्रतियोगिता

इस तरह की प्रतियोगिता कॉलेज में पहली बार आयोजित की गई है। इससे प्रतिभागियों ने भी उत्साह से आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. श्रद्धा गिरोलकर (सेवानिवृत्त प्राध्यापक समाजशास्त्र), डॉ. मनीषा महापात्रा (सेवानिवृत्त प्राध्यापक समाजशास्त्र) एवं डॉ. प्रकाश कौर सलूजा (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, वनस्पतिशास्त्र) उपस्थित थे। तीनों ही निर्णायक अतिथियों का स्वागत क्रमशः छात्रसंघ प्रमुख डॉ. वैभव आचार्य (वनस्पति शास्त्र), डॉ. सीमा ख़ान (राजनीति विज्ञान) एवं प्रेम लता तिवारी (राजनीति विज्ञान) प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया।

### इन प्रतिभागियों ने जमाया रंग लूटी वाहवाही

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पद्मश्री शर्मा, द्वितीय अमोदिनी मिश्रा एवं मॉडलिंग, फैशन शो प्रतियोगिता में प्रथम नूर व द्वितीय दीपांजलि पटेल रहीं। दोनों ही प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. प्रीति जायसवाल, संचालिका सुश्री बिनीका दुर्गम एवं सुश्री झरना सहाने थी। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. जया तिवारी, डॉ. शिप्रा बनर्जी, डॉ. कल्याण रवि, डॉ. प्रीति कंसारा, डॉ. अनिता दीक्षित, डॉ. कल्पना लांबे, डॉ. रागिनी पांडे, डॉ. स्वप्निल कर्महे, डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. रितु मारवाह, कविता ठाकुर, संध्या ठाकुर, प्रतिभा साहू ने योगदान दिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एमजीएम और शंकराचार्य क्रिकेट के फाइनल में



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की अंतरशालेय क्रिकेट प्रतियोगिता सेक्टर-9 के सी-3 मैदान में चल रही है। बुधवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में टीम स्वामी आत्मानंद के विरुद्ध एमजीएम ने तीन विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच लक्ष्य पारख को बीसीए के संयुक्त सचिव एन अभिलाष के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी, बृजेश पांडे विजय कनौजिया, समीर शर्मा, वेंकटरमन, प्रशांत भारद्वाज और जी प्रेमनाथ उपस्थित थे। बल्लेबाजी में स्वामी आत्मानंद स्कूल की टीम 79 रन पर आउट हो गई। अलख रेड्डी ने 25 रन और अजय शेट्टी ने 16 रन बनाएं। गेंदबाजी में एमजीएम के लक्ष्य पारख ने 4 विकेट, आयुष प्रसाद ने तीन विकेट और एलन ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में एमजीएम ने 7 विकेट पर 83 रन बनाए। सिद्धार्थ ने 23 रन और श्रेयांश ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में स्वामी आत्मानंद के अलख रेड्डी ने 4 विकेट लिए। मैच के अंपायर सुनील कुमार डड़सेना एवं हरिशंकर यादव थे। स्कोरर पल्लवी वर्मा एवं श्रेया पांडे रहे। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच एमजीएम एवं श्री शंकराचार्य स्कूल हुडको के मध्य खेला जाएगा।

### राष्ट्रीय ओपन रेस वॉकिंग में हिस्सा लेंगे छत्तीसगढ़ के एथलीट

**रायपुर।** 13वीं राष्ट्रीय ओपन रेस वॉकिंग प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 फरवरी को सुखना लेक चंडीगढ़ में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष 10 किमी रेस वॉक, फुल मैराथन वॉक एवं हाफ मैराथन वॉक, अंडर 20 बालक एवं बालिका दोनों ग्रुप में क्वालीफाई स्टैंडर्ड लगाया गया है। यह प्रतियोगिता क्वालीफाई स्टैंडर्ड के हिसाब से होगी, जिसमें प्रत्येक यूनिट से भाग लेंगे। प्रमुख रूप से देश भर के राज्य, केंद्र शासित और भारतीय एथलीट महासंघ से मान्यता प्राप्त यूनिट हिस्सा लेंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता हेमंत सिंह परिहार ने दी।

### ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट में हिमांशु और आजम का चयन



**रायपुर।** एलसीआईटी स्कूल ऑफ़ फार्मेसी बिलासपुर के दो खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट पुरुष चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की टीम में हुआ है।

इस संबंध मे जानकारी देते हुए महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एकीकृत राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन की वजह से हिमांशु जोगी व आज़म हुसैन टीम में चयनित हुए है। कटक यूनिवर्सिटी की मेजबानी मे 11 से शुरू हुई प्रतियोगिता 18 जनवरी तक चलेगी।

### क्रिकेटर अभिनव चयनित हुए राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए



**रायपुर।** भाटापारा के क्रिकेट खिलाड़ी अभिनव यादव का चयन बीसीसीआई द्वारा आयोजित राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के लिए हुआ है। वे छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व अंडर 14 कैटेगरी में करेंगे। टूर्नामेंट 15 जनवरी से प्रारंभ हो रही है। उनके चयन होने पर जनप्रतिनिधि शिवरतन शर्मा (पूर्व विधायक), पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सुनील यदु (पार्षद), दयाराम यादव (पिता), नोबिता यादव (माता), भैया राम यादव, कोच सुमित सिंह, ओंकार वर्मा, किशन भाट आदि ने बधाई दी है।

### अखिल भारतीय अंतर-विवि बॉल बैडमिंटन चैम्पियनशिप में चयन




**रायपुर।** अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय बॉल बैडमिंटन (पुरुष) चैम्पियनशिप 14 से 17 जनवरी तक भारतीदासन विश्वविद्यालय, तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में पंडित रवि शंकर विश्वविद्यालय की पुरुष बॉल बैडमिंटन टीम सहभागिता करेगी। टीम के मैनेजर के रूप में मुकेश पेंदरिया एवं कोच के रूप में प्रभात सेठ को नियुक्त किया गया है।

#### आंखों की बढ़ती समस्या के लिए विशेषज्ञ से जरूर लें परामर्श

# 40 की उम्र के बाद बढ़ने लगती हैं आंखों की समस्याएं, जरूरी नहीं मधुमेह हो मुख्य वजह

आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं, इन्हीं की मदद से हम दुनिया के नजारे ले पाते हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। विशेषकर 40 की उम्र के बाद ज्यादातर लोगों में आंखों से संबंधित समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अब कम उम्र के लोगों में भी आंखों की समस्याएं बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। बड़ी संख्या में बच्चों में कम दिखाई देने, रोशनी की कमी होने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिसके कारण कम उम्र में ही चश्मा लग जा रहा है।

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक है। विशेषतौर पर 40 की उम्र के बाद आपको और भी सावधान हो जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के कारण आंखों से संबंधित दिक्कतें बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। धूम्रपान, स्क्रीन के अधिक इस्तेमाल जैसी गड़बड़ आदतों के कारण आंखों पर अतिरिक्त तनाव बढ़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी कम उम्र से ही आंखों की देखभाल करते रहें। आइए कुछ उपायों के बारे में जानते हैं जिनका पालन करके आप आंखों की रोशनी को ठीक बनाए रख सकते हैं। 40 की उम्र के बाद इन उपायों



पर ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है।

### कम उम्र से ही पौष्टिक आहार पर दें ध्यान

पौष्टिक आहार संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी हैं। आंखों की रोशनी को भी बेहतर बनाए रखने, रेटिना और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने के लिए आहार में पौष्टिक चीजों का जरूर शामिल किया जाना चाहिए। ऐसा आहार जो विटामिन-ए, सी और ई, जिंक, ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हों, आंखों को स्वास्थ रखने में महत्वपूर्ण माने जाते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, बादाम, अंडे के साथ खट्टे फलों को आहार का हिस्सा बनाकर आंखों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

### कम करें स्क्रीन टाइम

स्क्रीन टाइम यानी मोबाइल-कंप्यूटर पर बीतने वाला समय। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि आपका स्क्रीन टाइम जितना अधिक होगा, आंखों के लिए उतनी समस्याएं हो सकती हैं। हमारी आंखों में आंसू के रूप में नमी होती है। ये आंसू की फिल्म पानी के साथ-साथ इलेक्ट्रोलाइट्स और प्रोटीन और एंजाइम से बनी होती है। लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क में रहने के कारण समय के साथ आंसू सूखने लगते हैं, हमारी आंखें शुष्क होती जाती हैं।आंखों में नमी कम होने से दर्द, लालिमा, रगड़ बढ़ जाती है जिससे आंखों की नाजुक त्वचा को क्षति पहुंच सकती है।

### आंखों का व्यायाम जरूरी

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जिस तरह से व्यायाम जरूरी है, आंखों के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है। आंखों के व्यायाम के लिए हर 20 मिनट में, कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखने की आदत बनाएं। आंखों को थोड़ी-थोड़ी देर पर बंद करके क्लाक और एंटीक्लाक वाइज घुमाएं। आंखों की मांसपेशियों को मजबूत रखने, रक्त का संचार बढ़ाने में कुछ योग के अभ्यास को काफी लाभकारी पाया गया है।

### नियमित जांच जरूरी



उम्र बढ़ने के साथ आंखों की रोशनी कम होने लगती है, पर इसकी शुरुआत काफी पहले से ही हो जाती है। हमें इसका पता तब चल पाता है जब समस्या काफी बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि नियमित रूप से आंखों की जांच कराई जाए। आंखों की कई ऐसी बीमारियां हैं जो बिना किसी लक्षण के लंबे समय तक बनी रहती हैं और अंदर ही अंदर क्षति पहुंचाती रहती हैं इसलिए वार्षिक नेत्र जांच कराना महत्वपूर्ण है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप या नेत्र रोग के पारिवारिक इतिहास वाले लोगों को साल में कम से दो बार डॉक्टर की सलाह पर जांच करानी चाहिए।

# वॉलीबॉल स्पर्धा में 22 टीम के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया



**रायपुर।** सड्डू खेल संघ द्वारा हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू के वालीबॉल मैदान में गत दिनों वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आसपास के 22 टीमों के खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें खम्हरिया, रायपुर, कुसमी, नयापारा, कोनारी, अमलेश्वर, सड्डू, अंधियारखोर, बडगांव, मंदिर हसौद, ओटगन, उरकुरा, नयापारा, पथरी हाटकेश्वर, पाहंदा, कुथरौद सहित आसपास के जिलों की कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया। इसी दौरान इस साल होने वाली वालीबॉल प्रतियोगिता में क्षेत्रीय खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर मौका दिया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अंधियारखोर की टीम को 12 हजार रुपए एवं कप, द्वितीय पुरस्कार हाटकेश्वर की टीम को 7 हजार रुपए एवं कप, तृतीय पुरस्कार खम्हरिया की टीम को 4 हजार रुपए एवं कप और चतुर्थ पुरस्कार कुसमी की टीम को 2000 रुपए एवं कप दिया गया। इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में अंधियारखोर की टीम ने हाटकेश्वर की टीम को 21-19, 23-21, 15-13 से एक बेहद रोमांचक मुकाबले में हरा दिया।

अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार भी दिया गया, जिसमें अंधियारखोर टीम के शिवा को बेस्ट अटैकर, हाटकेश्वर टीम के हरीश को बेस्ट डिफेंसर, खम्परिया टीम के सागर को बेस्ट सर्विसर, कुसमी टीम के खिलाड़ी राकेश वर्मा को बेस्ट ब्लाकर का पुरस्कार दिया गया। सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में विधायक मोतीलाल साहू, पंकज शर्मा, पूर्व पार्षद प्रमोद साहू के अलावा सावित्री भारत धीवर, महेन्द्र चंद्राकर, गोपेश साहू, खेम सेन, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य, सड्डू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के कई नागरिक भी उपस्थित रहें।

# शिवलिंग को नंदी मुद्रा में ही क्यों स्पर्श करना चाहिए

मान्यता है कि भगवान शिव के शिवलिंग रूप की पूजा करने से समस्त दुखों से छुटकारा मिल जाता है। हालांकि शास्त्रों में शिवलिंग पूजा से जुड़े नियम भी हैं। हिन्दू धर्म में शिवलिंग पूजा का बहुत महत्व माना जाता है। मान्यता है कि भगवान शिव के शिवलिंग रूप की पूजा करने से समस्त दुखों से छुटकारा मिल जाता है। हालांकि शास्त्रों में शिवलिंग पूजा का जितना महत्व बताया गया है उतने ही इससे जुड़े नियम भी हैं। अक्सर शिवलिंग की पूजा करते समय या पूजा करने के बाद लोग शिवलिंग को स्पर्श करते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि शिवलिंग पुरुष तत्व है। ऐसे में इसे स्पर्श करने के कुछ नियम शास्त्रों में वर्णित हैं। इन नियमों का पालन आवश्यक है नहीं तो पूजा में दोष उत्पन्न होता है और फल नहीं मिलता। इसी कड़ी में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि महिलाओं को शिवलिंग स्पर्श नहीं करना चाहिए लेकिन अगर भक्तिभाव में आप ऐसा करती हैं तो नंदी मुद्रा में ही



शिवलिंग को छूना चाहिए। क्या है इसके पीछे का कारण और क्या होती है नंदी मुद्रा, आइये जानते हैं इस बारे में विस्तार से।

### कैसे करें शिवलिंग को स्पर्श?

नंदी मुद्रा वह होती है जिसमें नंदी जी के समान ही बैठा जाता है। साथ ही, हाथों से भी यह मुद्रा बनाई जाती है। पहली और आखिरी उंगली को सीधा रखा जाता है, जबकि बीच दो उंगलियों को अंगूठे के साथ जोड़ा जाता है। इसी मुद्रा में शिवलिंग का स्पर्श महिलाओं द्वारा करना शुभ माना गया है।



# फैसला लेने में होता है तनाव तो एक्सपर्ट की सलाह आएगी काम

कुछ लोगों को निर्णय लेने के नाम पर ही तनाव होने लगता है और इसके कारण उन्हें प्रोफेशनल लाइफ से लेकर निजी जिंदगी में कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको भी निर्णय लेने में किसी तरह की समस्या पेश आती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

सही समय पर लिया गया सही निर्णय, आपके जीवन को बेहतर दिशा देने का काम करता है। इसलिए जीवन में आगे बढ़ने के लिए सही गलत के बीच चुनाव के साथ ही तुरंत निर्णय लेने की कुशलता जरूरी है। पर कुछ लोगों को निर्णय लेने के नाम पर ही तनाव होने लगता है और इसके कारण उन्हें प्रोफेशनल लाइफ से लेकर निजी जिंदगी में कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको भी निर्णय लेने में किसी तरह की समस्या आती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, निर्णय लेने के वक्त होने वाले तनाव और थकान को मनोचिकित्सा की दुनिया में फैसले की थकान के नाम से जानते हैं। इस बारे में जानीमानी मनोचिकित्सक और लाइफ कोच डॉ. चांदनी तुगनैत से जानते हैं।

### कैसे पहचाने निर्णय लेने में तनाव की समस्या को

डॉ. चांदनी तुगनैत बताती हैं कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में




जहां आज निर्णय लेने की क्षमता का महत्व काफी बढ़ चुका है, वहीं बहुत सारे लोग निर्णय लेने के कौशल से अंजान हैं। ऐसे में इन लोगों के लिए सही निर्णय लेना काफी मुश्किल हो जाता है और अक्सर ऐसे लोग निर्णय लेते वक्त तनाव और मानसिक अवसाद का शिकार बन जाते हैं। बात करें लक्षणों की तो ऐसी स्थिति में लोगों को तेज तनाव, बेवजह गुस्सा आना, उदासी या मानसिक थकान महसूस हो सकता है।


### क्यों होती है निर्णय लेने में तनाव की समस्या

बात करें इसकी वजह की तो काम का अधिक तनाव और समय की कमी के कारण निर्णय लेने में समस्या आती है। आजकल लोगों के पास एक से अधिक जिम्मेदारियां होती हैं और उन सबको निभाते वक्त कई बार निर्णय लेने की प्रकिया गुजरना होता है। ऐसे में बार-बार निर्णय लेने की प्रक्रिया व्यक्ति को इसके प्रति उदासीन बनाने के साथ-साथ तनाव का भी कारण देती है। जितना अधिक लोगों के पास निर्णय लेने का लक्ष्य बढ़ता जाता है, तनाव के चलते उनके निर्णय की गुणवत्ता उतनी ही घटती जाती है।

### कैसे निपटें निर्णय लेने में तनाव की समस्या से

बात की जाए इस समस्या के निजात की तो इस बारे में हमारी एक्सपर्ट डॉ. चांदनी तुगनैत का कहना है कि निर्णय लेने में तनाव की समस्या से बचने के लिए आपको निर्णय लेने के कौशल को हासिल करना होगा। इसके लिए आपके उन व्यवहारिक तरीकों को अपनाना होगा, जिनसे आप निर्णय लेने में महारत हासिल कर सकें। चलिए अब उन व्यवहारिक तरीकों और रणनीतियों के बारे में बात कर लेते हैं, जो आपको निर्णय लेने में कुशल बना सकते हैं।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## खुलेआम रोमांटिक हुए टिमोथी-काइली; मंच पर छलके आंसू



83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड का आयोजन आज लास एंजिल्स में किया गया। इसमें अलग-अलग कैटेगरी में कई कलाकारों ने अवॉर्ड अपने नाम किया। इस बार के गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और ब्रिटिश क्राइम सीरीज 'एडोलसेंस' का दबदबा देखने को मिला। इस दौरान समारोह में कई ऐसे पल भी आए, जो अब वायरल हैं और चर्चा का विषय हैं। गोल्डन ग्लोब 2026 के कुछ ऐसे ही खास पल चर्चा का विषय रहे। जेनिफर लोपेज ने 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में भारतीय डिजाइनर सब्यसाची की डिजाइन की हुई ज्वैलरी पहनी। इसमें 18 कैरेट सोने का एक शानदार नेकलेस है, जिसमें रुबेलाइट, एमेथिस्ट और चमकदार हीरे जड़े हुए हैं। उन्होंने इसके साथ सोने के झुमके और अंगूठी भी पहनी, जिनमें भी रुबेलाइट, पुराने स्टाइल के कट और ब्रिलियंट कट हीरे लगे हुए हैं। नेकलेस के क्लैस्प पर सब्यसाची का खास लोगो- रॉयल बंगाल टाइगर बना हुआ है।

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में सिंगर-एक्ट्रेस सेलेना गोमेज अपने पति बेनी ब्लैंको के साथ पहुंचीं। इस दौरान दोनों का साथ आना तो चर्चा में ही रहा ही। साथ ही सेलेना गोमेज की ड्रेस आकर्षण का केंद्र रही, जिसे बनाने में लगभग 323 घंटे लगे। सेलेना मैथ्यू ब्लेजी द्वारा डिजाइन किए गए ऑफ-द-शोल्डर ब्लैक वेलवेट गाउन में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह गाउन सिल्क शिफॉन, ऑर्गेंजा और नाजुक पंखों की परतों से बने आकर्षक सफेद नेकलाइन से और भी खूबसूरत लग रहा था। गाउन को लगभग 200 फूलों की सजावट से सजाया गया था। गाउन की हर बारीकी, इसकी बनावट से लेकर मुश्किल कढ़ाई तक शनेल एटेलियर में लगभग 323 घंटों की कारीगरी के बाद तैयार हो पाई। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स के दौरान एक रोमांटिक पल भी देखने को मिला। मोशन पिक्चर - म्यूजिकल/कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीतने वाले टिमोथी चालमेट गर्लफ्रेंड काइली जैनर के साथ रोमांटिक नजर आए। समारोह में दोनों एक-दूसरे से रोमांटिक होते और किस करते कैमरे में कैद हुए।

### टॉलीवुड

## साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'चीकाटिलो' का ट्रेलर रिलीज, पॉडकास्टर बनी शोभिता



'चीकाटिलो' का ट्रेलर प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गया है। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में शोभिता धुलिपाला मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसमें शोभिता एक सच्ची अपराध पॉडकास्टर की भूमिका निभा रही हैं। जिसका नाम संध्या है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म 'चीकाटिलो' संध्या (शोभिता धुलिपाला) की कहानी है, जो एक तेजतर्रार क्राइम पॉडकास्टर है। जो कई चौंकाने वाले अपराधों में एक पैटर्न का पता लगाती है। जैसे-जैसे वह सच्चाई के करीब पहुंचती है, उसकी अपनी जान खतरे में पड़ जाती है, जिससे इस सस्पेंस कहानी में रोमांच और बढ़ जाता है।

अभिनेता सोभिता धूलिपाला और विश्वदेव रचाकोंडा की अपराध सस्पेंस ड्रामा फिल्म 'चीकाटिलो' 23 जनवरी को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में चैतन्य विशालाक्षमी, ईशा चावला, झांसी, आमानी और वडलामणि श्रीनिवास अहम भूमिकाओं में हैं। प्राइम ओरिजिनल फिल्म 'चीकाटिलो' का निर्देशन शरण कोपिशेट्टी ने किया है। इसका निर्माण डी. सुरेश बाबू ने सुरेश प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'चीकाटिलो' की पटकथा चंद्र पेम्माराजू और शरण कोपिशेट्टी ने लिखी है।

### भोजपुरी

## रानी ने आम्रपाली को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं, उन्हें बताया सुपरस्टार



अभिनेत्री रानी चटर्जी ने आम्रपाली दुबे को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक प्यारा पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इसी के साथ रानी ने आम्रपाली को भोजपुरी सिनेमा का सुपरस्टार बताया है।

फिल्म 'हमारी दो भाभी' और 'द ड्रामा कंपनी' जैसे टीवी शो में एक साथ काम कर चुकीं रानी चटर्जी और आम्रपाली दुबे सह अभिनेत्री होने के साथ ही अच्छी दोस्त भी हैं। आज रानी ने आम्रपाली को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ रानी ने आम्रपाली के लिए एक खास नोट भी लिखा है।

रानी चटर्जी ने आज इंस्टाग्राम पर आम्रपाली दुबे के साथ कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ रानी ने आम्रपाली को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आम्रपाली हमेशा खुश रहो और बहुत सारा काम करो।' इसी के साथ रानी ने आगे लिखा, 'दिल से प्रार्थना है कि आपको जीवन में जो चाहिए वो सारी खुशियां मिले। बहुत सारा प्यार सुपरस्टार।' आम्रपाली दुबे और रानी चटर्जी ने सीधे तौर पर किसी एक फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में साथ काम नहीं किया है, बल्कि वे 'हमारी दो भाभी' जैसी पारिवारिक फिल्मों में साथ दिखाई दी हैं और 'द ड्रामा कंपनी' जैसे टीवी शो में भी साथ नजर आई हैं, जहां दोनों ने भोजपुरी सिनेमा के अन्य सितारों के साथ एक ही फ्रेम में काम किया है। वे अक्सर अवॉर्ड फंक्शन और स्टेज शो में एक-दूसरे के साथ देखी जाती हैं और अच्छी दोस्त हैं।




लक्ज़री ब्रांड भारतीय परिवेश में कैसे जगह बना सकते हैं, यह आज बड़ा सवाल नहीं रहा। अब भारतीय परिवेश के फैशन ट्रेंड्स में इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन काफी देखने को मिल रहा है, जिसमें पारंपरिक क्राफ्ट्स को ग्लोबल स्टाइल के साथ मिलाया जा रहा है। खास तौर पर साड़ियों को स्नीकर्स के साथ या कुर्ते को डेनिम के साथ पहनना, हवादार फैब्रिक (ऑर्गेन्ज़ा, लिनन) के ज़रिए आराम पर फोकस करना और मेटैलिक रंगों के साथ चमकीले रंगों को अपनाना शामिल है। खास लुक्स में साड़ी गाउन, एथनिक जैकेट, पलाज़ो सेट और मॉडर्न लहंगे शामिल हैं, जो सांस्कृतिक पहचान और मॉडर्न लुक के लिए रिच भारतीय टेक्सटाइल और कारीगरी की डिटेल्स को दिखाते हैं।

## सर्दियों में हाथ-पैरों की उंगलियां सूजन से हो गई हैं लाल तो उठाएं यह कदम




त्वचा और बालों के साथ-साथ सर्दी के मौसम में बहुत से लोगों के पैरों की उंगलियों में सूजन आ जाती है। सर्दियों में पैरों की उंगलियों में सूजन आने की वजह ठंडी हवाएं हैं। कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप इससे राहत पा सकते हैं। सबसे पहले एक टब में गर्म पानी लें।

इसके बाद इस पानी में दो चम्मच नमक डालें। अब इस पानी में नमक को सही से घोल लें। अब अपने पैरों को 15-20 मिनट तक पानी में डालकर रखें। इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा। सर्दियों के मौसम में जब पैरों में सूजन आ जाती है, तो इससे राहत दिलाने के लिए प्याज आपकी मदद कर सकता हैं। इसके लिए आपको बस प्याज का रस निकालना पड़ेगा। इसे निकालने के बाद रूई की मदद से इसे सूजी हुई उंगलियों पर लगाएं। इससे पैरों की खुजली से राहत मिलेगी। इसी तरह सबसे पहले सरसों के तेल को हल्का सा गर्म करें। अब इसमें लहसुन की कलियों को डालें। जब ये पक जाए तो इस तेल को को ठंडा करके पैरों की उंगलियों में लगाएं। तेल लगाने के बाद पैरों में मोजे पहन लें। इसी तरह गैंदे के फूलों को गर्म पानी में डुबा लें। इस पानी में एक चम्मच नमक डालें। अब इसमें पैरों को डुबो लें। सरसों के तेल में हल्दी को डालकर पकाएं। अब इसे अपने पैरों में सूजन वाली जगह पर लगाएं। ये जरूर राहत पहुंचाएगा।

सर्दियों में हाथ-पैरों की उंगलियों में सूजन अक्सर ठंड से रक्त वाहिकाओं के सिकुड़ने और फिर अचानक गर्म होने पर उनमें रक्त का तेज़ी से प्रवाह होने के कारण होती है, जिससे द्रव रिसाव और सूजन होती है।इसके अलावा, खराब रक्त संचार, डिहाइड्रेशन, विटामिन बी 12 या डी की कमी, गठिया या रेनॉड सिंड्रोम जैसे कारण भी हो सकते हैं। राहत के लिए गुनगुने पानी में सेंधा नमक डालकर पैर-हाथ भिगोना, सरसों के तेल में नमक या हल्दी मिलाकर मालिश करना और शरीर को गर्म रखना मददगार होता है, पर लगातार सूजन पर डॉक्टर को दिखाएं। रक्त संचार में कमी के चलते ठंड से रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं, जिससे रक्त प्रवाह कम होता है और सूजन आती है। द्रव प्रतिधारण में शरीर खुद को गर्म रखने के लिए अतिरिक्त तरल जमा कर सकता है। टामिन B12, डी या आयरन की कमी से सूजन हो सकती है। ठंड से गठिया के लक्षण बढ़ सकते हैं। रेनॉड की घटना ठंड के प्रति अत्यधिक प्रतिक्रिया, जिससे उंगलियों का रंग बदलता है और सूजन होती है। डिहाइड्रेशन में सर्दियों में पानी कम पीने से. चोटें या एलर्जीः शीतदंश या एलर्जी भी कारण बन सकती है।

## शादी के बाद ऐसा अपनाएं पहनावा कि ससुरालवालों का दिल जीत सकें







नए घर में सभी ससुराल वालों को खुश करने के लिए लड़कियां काफी मेहनत करती हैं क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि शादी के बाद शुरुआत से ही अगर ससुराल वालों के साथ रिश्ता मजबूत हो जाए तो किसी तरह की परेशानी सामने नहीं आती। ऐसे में लड़कियां अपने ससुराल वालों का दिल जीतने के लिए काफी कोशिश करती हैं। वैसे तो इसके कई तरीके हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि अच्छे से सज-संवर कर भी आप अपने घरवालों का दिल जीत सकती हैं। जी हां, अगर आप अपने ससुराल में तरह-तरह की साड़ियां पहनकर तैयार होंगी, तो आपके घर वाले इससे जरूर खुश होंगे। आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं, कि नई दुल्हनों के ऊपर कैसी साड़ियां अच्छी लगती हैं।

### बनारसी साड़ी

ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

### चिकनकारी साड़ी

अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

### कांजीवरम सिल्क

नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें।

## विंटर आउटफिट में दिखना चाहती हैं एलिगेंट, तो ऐसी शॉल करें स्टाइल



सर्दियों में महिलाएं शॉल का इस्तेमाल तो करती हैं। लेकिन, उन्हें ड्रेस के अनुसार किस टाइप के शॉल कैरी करना चाहिए इसको लेकर कई बार कंफ्यूज हो जाती हैं। अगर आपको भी समझ नहीं आता कि ठंड में कौन-कौन से शॉल को कैसे स्टाइल करें ताकि आपके आउटफिट को ट्रेंडी लुक मिले, तो आप हमारे टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। यहां हम आपको बताएंगे कि आपको अपने वार्डरोब में किस तरीके के शॉल को शामिल करनी चाहिए, जो आपके लुक को एलिगेंट टच देने के साथ ठंड से भी बचाव का काम करें।

### पश्मीना शॉल

सर्दियों में स्टाइलिश दिखने के लिए आपकी अलमारी में पश्मीना शॉल तो जरुर ही होनी चाहिए। इस शॉल में इस्तेमाल किया जाने वाला ऊन कश्मीर की एक खास प्रजाति की पहाड़ी बकरी से निकाला जाता है, जो बॉडी को काफी गर्म रखने में मदद करती है। यही नहीं, पश्मीना शॉल दिखने में भी बेहद खूबसूरत और ट्रेंडी लगते हैं। ये शॉल सॉफ्टनेस, गर्माहट और लक्जरी फील के लिए देश भर में फेमस है। इसका फैशन कभी भी खत्म नहीं होता है और आप हर ड्रेस के साथ इसे वियर कर सकती हैं।

### कढ़ाई वाले रेशमी शॉल

ठंड से बचने के लिए आपके पास अलग-अलग वैरायटी के शॉल का होना बहुत जरुरी है। इन्हीं में से एक है- कढ़ाई वाले रेशमी शॉल। सिल्क की ये खास शॉल स्पेशल और फॉर्मल दोनों ही मौके के लिए बेस्ट मानी जाती है। इसकी सबसे खास बात ये है कि आप इसे किसी भी तरीके से स्टाइल कर सकती हैं।

## खरीदें डिजाइनर स्वेटर और पाएं स्टाइलिश लुक

सर्दियों के मौसम में लोगों को गर्म कपड़े की बहुत जरूरत होती है। ऑफिस हो या कॉलेज या फिर घर पहनने के लिए ही क्यों नहीं पुरुषों से ज्यादा महिलाओं को कपड़े लगते हैं। महिलाओं के कपड़ों के ऑप्शन भी ज्यादा होते हैं और उन्हें पहनने के लिए ज्यादा कपड़ों की जरूरत भी पड़ती है। यदि आप भी ऑफिस या कॉलेज के लिए सस्ते दाम में स्टाइलिश स्वेटर तलाश रही हैं, तो हम आपके लिए कुछ बेहतरीन कलेक्शन लाए हैं। ये सभी स्वेटर आपको 500 से कम में मिल जाएंगे।

### डबल बटन कोट स्टाइल स्वेटर

गर्ली लुक के लिए यह स्वेटर बेस्ट है, कॉलेज और ऑफिस समेत इस स्वेटर को आप कहीं भी पहन सकती हैं। लड़कियों के लिए यदि सस्ते में स्वेटर के ऑप्शन देख रही हैं, तो 433 रुपये में ये कोट स्टाइल स्वेटर परफेक्ट है। इसे आप मीशो से खरीद सकती हैं, ग्रे, ब्राउन और स्लेटी ये तीन रंगों में मिल जाएगा।

### बेल्ट वाली स्वेटर

स्वेटर में बेल्ट काफी अच्छा और युनिक लगता है। मीशो में इस बेल्ट वाली स्वेटर को आप मात्र 317 रुपये में खरीद सकते हैं। इस स्वेटर की डिजाइन तो अच्छी है ही साथ ही इसका कलर और पैटर्न भी यूनीक है। इस स्वेटर को



साड़ी, सूट और जीन्स के साथ पेयर कर सकते हैं।

### कॉलर वाली स्वेटर

फर के साथ कॉलर वाली स्वेटर की ये डिजाइन लड़कियों और लेडीज दोनों पर खूब जचेंगी। स्लेटी ब्लैक कलर के इस स्वेटर को आप 415 रूपये में मीशो से खरीद सकते हैं। ऑनलाइन पेमेंट करने पर इस स्वेटर में आपको एक्सट्रा ऑफ भी मिलेगा। ऑफिस, कॉलेज और सूट, साड़ी सभी के साथ यह स्वेटर अच्छी लगेगी।

### फैंसी स्वेटर

सॉफ्ट फर वाली इस स्वेटर की डिजाइन और क्वालिटी दोनों ही बढ़िया है। इस स्वेटर को खास लेडीज के लिए डिजाइन किया गया है। आप इसे साड़ी और सूट के साथ पेयर कर सकते हैं। इस स्वेटर की डिजाइन तो अच्छी है ही साथ ही, इसका कलर भी काफी अलग है।

कार्नर न्यूज

विंटर फैशन के हिसाब से तय करें अपना स्टाइल और फैशन

## सर्दी के लिए बेस्ट फिट ब्लेजर कैसे खरीदें जरूरी टिप्स के साथ दिखिए स्टाइलिश

सर्दियों के इस मौसम में जब आप ब्लेजर लेने की तैयारी करें तो अपने लिए बेस्ट लुकिंग ब्लेजर ही चुनें। लेकिन ये चुनाव कैसे होगा? कुछ खास टिप्स इस काम में आपकी मदद करेंगे। इन टिप्स के साथ आप बेस्ट सूटेड ब्लेजर अपने लिए खरीद पाएंगे और विंटर में भी दिखेंगे, सुपर स्टाइलिश, कौन-कौन से हैं ये टिप्स, जान लेते हैं-

### ब्लेजर की लंबाई

ब्लेजर की लंबाई आपकी ऊपरी और निचली बॉडी के बीच सही बैलेंस को दिखाएगी। इसलिए ब्लेजर की सही लंबाई चुनना बेहद जरूरी है।अगर आपकी लंबाई 5 फिट 9 इंच के अंदर है तो ब्लेजर की लंबाई ऊपरी और निचले हिस्से के मध्य से थोड़ी ऊपर होनी चाहिए। यही एक तरीका है ब्लेजर की लंबाई सही चुनने का।

### बांहों की लंबाई

बांहों की सही लंबाई वो है जब आप कलाई से हाथ नीचे करें तो टॉप से बांह " तक ऊपर रहे। इस तरीके से बांह की लंबाई सही



चुनी जा सकती है। ये आपको बेस्ट लुक देगी और ब्लेजर के साथ आपका लुक अच्छा आएगा।

### कंधे हों कैसे

ब्लेजर के कंधे आपके कंधों पर फिट आने चाहिए। ये ऐसे फिट होने चाहिए कि हाथ हिलाने डुलाने पर भी इसमें लचक न आए।मतलब जब आप ब्लेजर पहनें तो हाथ उठाने या आगे-पीछे करने पर ब्लेजर के कंधे नीचे नहीं गिरने चाहिए। इनमें एक बैलेंस होना चाहिए, ताकि ब्लेजर में लुक खराब न हो अच्छा लगे।

### कॉलर का क्या हाल

ब्लेजर की कॉलर भी लुक पर गहरा असर डालती हैं। ब्लेजर की कॉलर ऐसे बनी होनी चाहिए कि ये शर्ट की कॉलर पर टिक सके। इनके बीच में ज्यादा गैप भी न हो और ये आपस में चिपकी सी भी न लगे। ये आसानी से टिकी महसूस होनी चाहिए।

### ब्लेजर के बटन

ब्लेजर के बटन को लेकर भी आपको थोड़ी स्टाइलिंग करनी होगी। बटन आपस में इतने दूर होने चाहिए कि बीच का बटन नाभि से ठीक ऊपर आ सके। ये थोड़ा सा और ऊपर हो सकता है लेकिन नीचे नहीं। ऐसा करने से बॉडी का बैलेंस खराब लगने लगेगा। इसलिए बटन के बीच की दूरी पर जरूर ध्यान दें।

